रोहतक
शनिवार 30 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 115
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 39.8
न्यून. 20.0

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



## हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा टली, अब 4-5 जुलाई को होगी

**भिवानी(हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट-2025) को स्थगित कर दिया है। 27 मई को ही नए बोर्ड चेयरमैन का पदभार संभालने वाले शंकर धुप्पड़ ने एचटेट टालने का फैसला लिया है। अब यह परीक्षा 4-5 जुलाई को होगी। पहले परीक्षा का आयोजन 13 और 14 जून को होना था। चेयरमैन धुप्पड़ ने कहा कि तीन दिन में सैकड़ों ई-मेल बोर्ड के पास आईं। कई लोगों ने कॉल किए, कुछ छात्र संगठनों ने ज्ञापन भी दिए, जिसमें कहा कि इतनी धूप में कैसे पेपर देंगे। इसके अलावा 14 जून को हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन (एचपीएससी) का भी पेपर है। यह डेट क्लैश कर रही थी। इन्हीं सारे फैक्ट्स को देखते हुए एचटेट स्थगित करने का फैसला लिया। अब 2.45 लाख युवाओं का इंतजार 20 दिन बढ़ गया है।

पुराने चेयरमैन का चार दिन पुराना फैसला बदला

**एचपीएससी एग्जाम की डेट क्लैश हो रही थी**

### 12वीं री-इवैल्यूएशन प्रक्रिया 1 जून से

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने कक्षा 12 के छात्रों के लिए री-इवैल्यूएशन और मार्क्स वेरिफिकेशन प्रक्रिया की तारीख आगे बढ़ा दी है। पहले यह पोर्टल 29 मई से शुरू होना था, लेकिन अब बोर्ड ने इसे 1 जून से खोलने का फैसला किया है। सीबीएसई के अनुसार, बड़ी संख्या में आने वाले आवेदनों और कुछ तकनीकी दिक्कतों को देखते हुए यह फैसला लिया है। बोर्ड ने बताया कि छात्र 1 जून से ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर मार्क्स वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी होगी।

# यूपीएससी से सीख ले एनटीए, वहां कभी पेपर लीक नहीं हुआ

## सुप्रीम कोर्ट की नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को फटकार, जवाबदेही तय हो, तभी रुकेंगी ऐसी घटनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा कदम उठाते हुए शुक्रवार को कहा कि वह इस पूरे मामले की जांच की खुद कुछ समय तक निगरानी करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था 'नेशनल टेस्टिंग एजेंसी' (एनटीए) को कड़ी फटकार लगाते हुए इस घटना को युवाओं के लिए बेहद दुखत बताते हुए कहा कि जो हुआ वह बेहद दुखद है, युवाओं को इस तरह निराश नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने (केंद्र सरकार) शिक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह एक अलग हलफनामा दायर करे, जिसमें एक ऐसी व्यवस्था बनाने का ब्योरा दिया जाए जिसके तहत नीट परीक्षाओं को आयोजित करने और पूरा करने की प्रक्रिया को नीट द्वारा हर साल संस्थागत रूप से संचालित किया जा सके। साथ ही इस बात पर अपना जवाब दाखिल करे कि एनटीए को कैसे मजबूत बनाया जाए और परीक्षा को कैसे पूरी तरह से सुरक्षित बनाया जाए।



नीट विवाद पर केंद्र से पूछा, बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे
केंद्र ने कहा-नई व्यवस्था लागू की पीएम मोदी खुद पेपर लीक की जांच पर नजर रख रहे, ताकि कोई भी चूक न हो

### किसी छोटे कर्मचारी को बलि का बकरा बनाकर 'कमियां' नहीं छिपाई जा सकतीं

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को फटकार लगाते हुए कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने से रोकने के लिए सरकार और संबंधित अधिकारियों द्वारा हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। कोर्ट ने पूछा कि बार-बार कैसे पेपर लीक हो जा रहे हैं। अगर ऐसी घटना दोबारा होती है। तो उसकी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। किसी छोटे कर्मचारी को बलि का बकरा बनाकर 'कमियां' नहीं छिपाई जा सकतीं। कोर्ट ने केंद्र व एनटीए को कार्ययोजना पेश करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया है।

### शुचिता बनाए रखने के लिए गंभीर

केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को आश्वस्त करते हुए कोर्ट को सूचित किया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए खुद प्रधानमंत्री सीधे नजर रख रहे हैं और सरकार परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए पूरी तरह गंभीर है। वहीं कोर्ट ने कहा कि इस प्रयास का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि एनटीए के पास 2024 और 2026 की नीट परीक्षा विवादों जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए भौतिक और बौद्धिक संसाधन मौजूद हों।

### फीस रिफंड के लिए बैंक डिटेल देने की समय सीमा 22 जून की

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 का परीक्षा शुल्क वापस करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने बैंक खाते से जुड़ी जानकारी जमा करवाने की करने की समयसीमा 22 जून तक बढ़ा दी है। प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के कारण यह परीक्षा रद्द कर दी गई थी और इसे अब नये सिरे से आयोजित कराया जाएगा।

## टीईटी पास करने की सीमा एक साल बढ़ी

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हजारों शिक्षकों को राहत देते हुए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करने की डेडलाइन एक साल के लिए बाधा दी है। अब शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी परीक्षा पास करनी होगी। पहले यह समयसीमा 31 अगस्त 2027 थी। यह फैसला उन शिक्षकों के लिए राहत भरा है जिन्होंने अभी तक परीक्षा पास नहीं की है। कोर्ट के इस निर्णय से विशेष रूप से उन राज्यों में तनाव कम होने की उम्मीद है जहां बड़ी संख्या में शिक्षक टीईटी की अनिवार्यता पूरी नहीं कर पाए थे।

### अनिवार्यता से छूट देने की मांग खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि 2009 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने शिक्षकों से अपील की कि वे केवल अपनी नौकरी बचाने तक सीमित न रहें। मुख्य न्यायिक प्रक्रिया के दौरान बेंच ने कहा कि शिक्षकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने पर भी ध्यान देना चाहिए। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश के लगभग 30 हजार शिक्षकों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया था।

## खबर संक्षेप

### ऋषभ पंत ने छोड़ी एलएसजी की कप्तानी



**लखनऊ।** एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत ने आईपीएल 2026 के समापन से पहले बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स से अनुरोध किया है कि वो उन्हें कप्तानी से कार्यभार से मुक्त कर दें। पंत की कप्तानी को लेकर लखनऊ की फ्रेंचाइजी ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए लिखा कि ऋषभ पंत अब टीम के कप्तान नहीं रहेंगे।

### अब इमरजेंसी के लिए सिर्फ एक नंबर 112



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक बड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि तीन महीने के भीतर सभी तरह की इमरजेंसी और एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबरों को एक ही नंबर '112' (हेल्पलाइन 112) के साथ जोड़ दिया जाए। राज्यों को यह भी आदेश दिया गया है कि वे 'हेल्पलाइन 112' का बड़े पैमाने पर मास-मीडिया के जरिए प्रचार-प्रसार करें। एजेंसी

### पूर्व सीएम भजनलाल के प्रिंसिपल सेक्रेटरी की एसी ब्लास्ट में मौत



**नई दिल्ली।** हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल के प्रिंसिपल सेक्रेटरी रहे धनेंद्र कुमार की आग में जलने से मौत हो गई। धनेंद्र रिटायरमेंट के बाद दिल्ली स्थित अपने आवास पर रहते थे। बुधवार रात घर में लगी एसी में अचानक ब्लास्ट हो गया। धमाके के बाद घर में आग लग गई। कुछ में ही देर में आग ने पूरा घर चपेट में ले लिया। धनेंद्र और उनका बेटा भी आग में झुलस गए। पुलिस टीम ने उन्हें एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। गुरुवार तड़के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### आरबीआई रिपोर्ट: देश में नकली नोटों के केस बढ़े

**मुंबई।** देश में 500 रुपये के नोटों का चलन वित्त वर्ष 2025-26 में 11.2 प्रतिशत बढ़ गया और मुद्रा प्रणाली में इनकी सर्वाधिक हिस्सेदारी बरकरार रही। हालांकि इस मूल्य वर्ग में नकली नोटों के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मार्च 2026 के अंत तक 500 रुपये के नोटों की संख्या बढ़कर 7,05,482 लाख हो गई। एजेंसी

## नया विवाद, पहलवान ने नहीं दी सूचना

# विनेश को सिर्फ 50 किलो वर्ग में भाग लेने देगा संघ

### सुप्रीम कोर्ट ने दी थी ट्रायल की अनुमति, विनेश 53 किग्रा वर्ग में उतरना चाहती थीं, डब्ल्यूएफआई बोला उन्होंने पिछले सभी मुकाबले 50 किग्रा में लड़े हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलवान विनेश फोगाट और डब्ल्यूएफआई बीच विवाद एक नया मोड़ ले सकता है। चूंकि राष्ट्रीय महासंघ ने उसे एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में सिर्फ महिलाओं के 50 किलो वर्ग में भाग लेने की अनुमति देने का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार महासंघ के अधिकारियों ने उसके पसंदीदा भारवर्ग को लेकर पुष्टि का इंतजार किया, लेकिन विनेश की ओर से शुक्रवार रात तक उन्हें कोई सूचना नहीं मिली। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने विनेश को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी थी। विनेश इस ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में उतरना चाहती थीं, लेकिन डब्ल्यूएफआई ने यह कहते हुए उन्हें 50 किग्रा वर्ग तक सीमित कर दिया है कि उन्होंने अपने पिछले सभी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले इसी भार वर्ग में लड़े हैं। विनेश इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में ही अभ्यास कर रही हैं जहां शनिवार से ट्रायल होने हैं। महासंघ सभी प्रतिभागियों को वजन में एक किलो तक की रियायत देगा यानी अगर विनेश को 50 किलो वर्ग में भाग लेना है तो उसे अपना वजन 51 किलो करना होगा।



ट्रायल्स आज से दिल्ली में होगा खिलाड़ियों का चयन

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-आप शानदार रेसलर, लेकिन देश पहले

सुप्रीम कोर्ट ने विनेश फोगाट को एशियन गेम्स के ट्रायल की अनुमति दे दी है। 28 मई को रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने फोगाट का ट्रायल रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई थी, जिसे जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक आराधे की बेंच ने ठुकरा दिया। ये ट्रायल 30 व 31 मई को दिल्ली में होने हैं। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, 'आप शानदार रेसलर हैं, आपने देश को गर्व महसूस कराया है, लेकिन देश पहले है। हाईकोर्ट पूरे शेड्यूल को बाधित नहीं कर सकता। फिलहाल एशियन गेम्स 2026 के चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दी जाती है।

## आईएमडी ने कहा-इस बार 10% कम बारिश
### जून-जुलाई में भी चलेंगी हीटवेव

# मौसम विभाग ने और घटा दिया बारिश का अनुमान

## केरलम में मानसून सात दिन बाद पहुंचेगा ▶▶ अभी श्रीलंका में अटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को बारिश का अनुमान और घटाते हुए कहा कि देश में इस वर्ष 10 फीसदी कम बारिश होगी। इससे उत्पादन पर असर पड़ सकता है। इसके साथ ही आईएमडी ने मानसून को लेकर अपने पुराने अनुमान को बदलते हुए इसमें बड़ी कटौती कर दी है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि आने वाला जून का महीना उम्मीद से कहीं ज्यादा तपेगा और लू का टॉर्चर अभी खत्म नहीं होने वाला है। विभाग ने अपनी ताजा रिपोर्ट में बताया कि इस साल देश में मानसून की बारिश लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलपीए) का केवल 90% ही रहने की उम्मीद है। इससे पहले अप्रैल के महीने में आईएमडी ने 92% बारिश का अनुमान लगाया था, जिसे अब और घटा दिया गया है। साल 1971 से 2020 के आंकड़ों को देखें तो देश में जून से सितंबर के बीच औसतन 87 सेंटीमीटर बारिश होती है, जिसे 100% (एलपीए) माना जाता है।

### सूखा रहने की आशंका 60%

मानसून के 'कमजोर या सूखा' रहने की आशंका 60% है। वहीं 'सामान्य से कम' बारिश होने की उम्मीद 24% और 'सामान्य' मानसून रहने की चांस सिर्फ 14% है। यह खबर कृषि क्षेत्र के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि जिन राज्यों में बिना सिंचाई के सिर्फ बारिश के भरोसे खेती होती है, वहां इस बार 94% से भी कम बारिश होने का अनुमान लगाया गया है। प्रशांत महासागर में 'अल नीनो' का सिस्टम जून में ही एक्टिव होने जा रहा है। भारत में अल नीनो का सीधा मतलब होता है। भयानक गर्मी और कमजोर मानसून।



### 11 जून के बाद बढ़ेगी बारिश की रफ्तार

- केरलम के तट पर मानसून के आने में हो रही देरी के पीछे दो मुख्य विलेन हैं। पहला, पश्चिमी प्रशांत महासागर में आया एक भयंकर चक्रवाती तूफान, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से सारी नमी और बादलों को अपनी तरफ खींच रहा है।
- दूसरा, लक्षद्वीप के पास बना चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र, जो मानसून को केरल की मुख्य भूमि पर आगे बढ़ने से रोक रहा है।
- श्रीलंका के ऊपर कम दबाव वाली तूफानी हवाओं के चलते मानसून केरलम तट से 30-35 किमी दूर 5 दिन से अटका हुआ है। इसके अगले 2-3 दिन इसके आगे बढ़ने के आसार नहीं हैं। केरलम मानसून पहुंचने की सामान्य तारीख 1 जून मानी जाती है।
- इससे पहले मौसम विभाग ने 26 मई तक ही मानसून आने का अनुमान जताया था। ताजा अनुमान के मुताबिक अब यह 7 दिन बाद केरल तट पर पहुंचेगा। यानी, पिछले अनुमान से मानसून करीब 10 दिन बाद देश में एंट्री करेगा।

### इन राज्यों पर असर

उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, ओडिशा और छत्तीसगढ़। गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाके। हालांकि, राजस्थान और झारखंड के लोगों को लू के दिनों में थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने साफ कहा है कि इस भीषण गर्मी का सीधा असर लोगों की सेहत, बिजली की खपत और पीने के पानी की उपलब्धता पर पड़ेगा। बुजुर्गों, बच्चों और बाहर काम करने वाले मजदूरों को दोपहर के समय विशेष सावधानी बरतने और हाइड्रेटेड रहने की सलाह दी गई है।

### यहां पड़ेगा प्रभाव

- मानसून कोर जोन में मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र का विदर्भ, झारखंड, तेलंगाना, कुछ हिस्से यूपी और बिहार के इलाके आते हैं। यहां खेती पर असर पड़ने से किसानों को सीधा नुकसान होगा।
- देश में कुल बारिश का करीब 75% हिस्सा मानसून के दौरान होता है, जो सिंचाई, पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए जरूरी है। करीब 64% आबादी कृषि पर निर्भर है। सिर्फ 55% खेती योग्य जमीन ही सिंचाई से कवर है।
- बारिश कम होने से उत्पादन घट सकता है, जिसका असर सप्लाई पर पड़ेगा और इससे सब्जियों, दालों सहित खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ सकती हैं।
- कमजोर मानसून के साथ-साथ मौसम विभाग ने जून में सूरज के और उग्र होने की चेतावनी दी है। आईएमडी के महानिदेशक एम. महापात्रा के मुताबिक, आमतौर पर जून के महीने में जिन राज्यों में 3 दिन लू चलती थी, वहां इस बार 5 से 6 दिन भीषण लू चलेगी।
- इस बार सितंबर में भी कम बारिश का अनुमान जताया है जो कृषि क्षेत्रा को प्रभावित करेंगा। महंगाई बढ़ेगी।

## यमुनानगर : दो बाइकों पर पलटा ट्रक, परिवार के 4 लोगों की मौत

**यमुनानगर (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा-हिमाचल की सीमा पर लालढांग के पास मक्के से भरा ट्रक दो बाइकों के पर पलट गया। इस हादसे में एक परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि दो बाइकों पर सवार पांच लोग हिमाचल स्थित रेणुका जी माता के दर्शन करने जा रहे थे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मरने वालों की पहचान चुहड़पुर कलां निवासी राजेंद्र धीमान (45), उनकी दो बेटियों सिमरन उर्फ सिम्मी (14) और मिनल उर्फ मिनी (12) व गांव दौलतपुर निवासी फूल सिंह के रूप में हुई है। घायल महिला ऊषा राजेंद्र धीमान की पत्नी हैं।

- मृतकों में पिता, दो बेटियां व रिश्तेदार




## अब एलपीजी संकट की आहट
### 30 दिन का भंडार रखें कंपनियां

**नई दिल्ली (भाषा)।** सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे एलपीजी (रसोई गैस) का इतना भंडारण तैयार करें कि कम से कम 30 दिनों की मांग पूरी की जा सके। यह कदम पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बाद उठाया है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि सरकार रणनीतिक भंडारण को मजबूत करने पर काम कर रही है। सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों को कम-से-कम 30 दिन की एलपीजी जरूरत को पूरा करने के लिए अतिरिक्त भंडारण की योजना बनाने को कहा गया है।



पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण बढ़ रहा ऊर्जा आपूर्ति संकट





## फाइनल में भिड़ेंगे जीटी व आरसीबी

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस आईपीएल में तीसरी बार फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया। अब फाइनल में 31 मई यानी रविवार को गुजरात का मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। शुक्रवार को राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 214 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 18.4 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। शुभमन गिल ने 53 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 104 रन बनाए, जबकि सुदर्शन ने 32 गेंद में 58 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल था। (पैकेज खेल पेज पर)

# ईरान पर फैसला फिर अटका

## ट्रंप बोले-अभी बातचीत फाइनल नहीं हुई, कुछ और चर्चा जरूरी

एजेंसी ▶▶ तेल तेहरान/वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच जंग रोकने को लेकर फैसला एक बार फिर लटक गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अभी बातचीत फाइनल नहीं हुई है, कुछ और चर्चा जरूरी है। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस मेंदो घंटे तक अपने सहयोगियों के साथ संभावित युद्ध विराम को लेकर लंबी चर्चा की। इसके बाद फैसला टाल दिया। बता दें कि इससे पहले ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित समझौते की कई शर्तों का खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा।



ट्रंप बोले-ईरान परमाणु बम नहीं बनाएगा

इसके साथ ही होर्मुज स्ट्रेट जहाजों के लिए पूरी तरह खुला रहेगा और वहां किसी तरह का टोल नहीं लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटा रहा है। होर्मुज में बिछाई गई सभी समुद्री माइंस हटाई जाएंगी। अमेरिका पहले ही कई माइंस को नष्ट कर चुका है और बाकी भी हटा दी जाएंगी।

### ईरान का संवर्धित यूरेनियम भी नष्ट करेंगे

ट्रम्प ने बताया कि ईरान का संवर्धित यूरेनियम भी नष्ट किया जाएगा। यह पहाड़ों के नीचे दबे परमाणु ठिकानों में मौजूद है, जिन्हें 11 महीने पहले अमेरिकी बी-2 बॉम्बर्स ने निशाना बनाया था। इसे अमेरिका, चीन, ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की मदद से इस सामग्री को बाहर निकालकर नष्ट किया जाएगा। वहीं, ईरान ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का बयान झूठ और सच्च का मिश्रण है। अभी तक हमारी उनसे कोई डील नहीं हुई है। होर्मुज स्ट्रेट पर हमारा कब्जा है। जब तक हमारी शर्तें नहीं मानी जाती, हम अपने रुख पर कायम रहेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-समय पर न्याय न मिलना अधिकारों का उल्लंघन

# हाईकोर्ट 3 माह से ज्यादा फैसले सुरक्षित न रखें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के सभी हाईकोर्ट में फैसलों में देरी पर चिंता जताई है। शीर्ष कोर्ट ने शुक्रवार को कहा, 'किसी भी मामले में फैसला सुरक्षित (रिजर्व) रखने के बाद उसे 3 महीने के भीतर सुनाया जाना चाहिए। अगर 3 महीने तक फैसला नहीं आता है, तो हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल उस मामले को चीफ जस्टिस के सामने रखेंगे।' सीजेआई सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन सुनाया जाए। अगर फैसला सुरक्षित रखा जाता है, तो उसे अगले दिन जरूर जारी किया जाए और तुरंत वेबसाइट पर अपलोड किया जाए। कोर्ट ने इस संबंध में 12 निर्देश जारी किए। ये निर्देश झारखंड सरकार से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान दिए गए है।

### जमानत पर आदेश उसी दिन या अगले दिन दें

- फैसले को तुरंत वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाए
- समय पर न्याय न मिलने से संवैधानिक अधिकार होते हैं प्रभावित
- 15 दिन तक विस्तृत फैसला अपलोड न हो तो रजिस्ट्रार जनरल सीजेआई को बताएं



### चार साल से पेंडिंग केस में आदेश

यह मामला अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 4 दोषियों की याचिका से जुड़ा है। उनका कहना था कि झारखंड हाईकोर्ट में उनकी क्रिमिनल अपील 2022 से पेंडिंग है, लेकिन अब तक फैसला नहीं सुनाया। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि फैसले में इतनी देरी संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत मिले जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। मामला आपराधिक केस, फांसी की सजा से जुड़ा है व आरोपी जेल में है तो जज फैसला सुरक्षित रखने के 7 दिन के अंदर दोनों पक्षों से स्पष्टीकरण मांग सकते हैं।

**15 साल हाईकोर्ट जज रहा, कभी फैसला रिजर्व नहीं रखा : सीजेआई**

कहा कि हाईकोर्ट जज के रूप में 15 साल के कार्यकाल में कभी भी किसी मामले में फैसला सुरक्षित नहीं रखा, न ही तीन महीने के भीतर फैसला नहीं सुनाया। उन्होंने कहा-न्याय की कीमत पर ऐसी देरी को जारी रहने नहीं दिया जा सकता।

## खबर संक्षेप

### एनआईटी में डायरेक्टर की नियुक्ति के लिए मांगे आवेदन

**कुरुक्षेत्र।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र में पिछले करीब 2 महीनों से लगातार चल रहे प्रशासनिक विवाद, कार्रवाई और छात्रों से जुड़े गंभीर घटनाक्रमों के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने नए डायरेक्टर की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के उच्चतर शिक्षा विभाग ने संस्थान में नियमित डायरेक्टर की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे हैं। इसके लिए एक जून से 30 जून तक आवेदन किए जा सकेंगे। एनआईटी में घटनाक्रम ने उस समय बड़ा मोड़ लिया था, जब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 29 मार्च को तत्कालीन डायरेक्टर प्रो. बीवी रमना रेड्डी की प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों पर रोक लगाई थी। साथ ही अनियमितताओं के आरोपों के बीच करीब एक महीने पहले जॉइंट रजिस्ट्रार ज्ञान रंजन सामंत्रे को भी सस्पेंड किया गया था। इसके बाद 25 अप्रैल को प्रो. बीवी रमना रेड्डी का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया। तब मंत्रालय ने प्रो. ब्रह्मजीत सिंह को कार्यकारी डायरेक्टर नियुक्त किया।

### किशोरी को भगाने व रेप में 20 साल की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने नाबालिग किशोरी को भगाने व उससे दुष्कर्म करने के आरोपी राहुल वासी अरजाहेड़ी जिला करनाल को 20 साल कठोर कारावास व 2 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 9 मार्च 23 को थाना लाडवा एरिया वासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 8 मार्च 23 को रात को करीब 11 बजे उसकी नाबालिग लड़की घर से बिना बताए कहीं चली गई है। पुलिस ने जांच के दौरान लापता लड़की को बरामद किया। जांच के दौरान आरोपी युवक को गिरफ्तार किया।

### हरियाणा सरकार ने चेयरमैन पद पर की चार अहम नियुक्तियां

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने रोहताश जांगड़ा सिरसा को हरियाणा लेबर वेलफेयर बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से अमल में लाई जाएगी। वहीं, सुभाष कलसाना शाहाबाद को हरियाणा स्टेट कॉपरेटिव एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मैनेजिंग कमेटी में सरकार द्वारा नामित करने के साथ-साथ चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सुभाष बंसल सोहना को हरियाणा स्टेट कॉपरेटिव हाउसिंग लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मैनेजिंग कमेटी में सरकार की ओर से नामित करने के साथ ही चेयरमैन बनाया गया है। वहीं, भारत भूषण जुआल को हरियाणा स्टेट कॉपरेटिव एपेक्स बैंक लि. के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मैनेजिंग कमेटी में सरकार की ओर से नामित किया गया है और उन्हें भी यहां चेयरमैन की तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी दी गई है। बता दें कि इन दिनों प्रदेश में कई बोर्ड के चेयरमैन व सदस्य नियुक्त किए जा रहे हैं। पहले ही कयास थे कि भाजपा की ओर से कार्यकर्ताओं को इन नियुक्तियां में खास जगह दी जाएगी।

## दादरी में पुलिस को मिली सफलता तो करनाल में पकड़ से भागा आरोपी

# टीचर हत्याकांड के 2 आरोपियों का एनकाउंटर, पैर में मारी गोली

- खेतों में छिपकर बैठे थे आरोपी, पुलिस के आने पर की फायरिंग
- आरोपियों से दो पिस्तौल व चार कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

बौंदकलां निवासी शिक्षक ललित हत्याकांड में शामिल दो मुख्य आरोपियों को एनकाउंटर के बाद पुलिस ने काबू कर लिया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है। दादरी से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों आरोपियों को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। आरोपियों की पहचान अजीत उर्फ बुच्चा व जितेंद्र उर्फ जीतू के रूप में हुई।

गत 10 मई की रात को गांव बौंदकलां निवासी शिक्षक ललीत की पुरानी रंजिश को लेकर बाइक सवार युवकों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के भाई ने गांव के ही युवकों पर आरोप लगाया था। गुरुवार रात पुलिस को सूचना मिली कि ललित की हत्या के दो मुख्य आरोपियों के खेतों में छिपा होने का सुराग है, जिसके बाद सीआईए इंचार्ज एसआई सतीश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम बदमाशों को गिरफ्तार करने पहुंची तो कुत्तों के भोंकने से दोनों आरोपी सतर्क हो गए और भागने लगे। करीब एक किलोमीटर तक पुलिस पीछे दौड़ती रही। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी और उन्हें पकड़ लिया गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की तरफ से चार राउंड गोलियां चलाई गईं, जबकि पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए तीन राउंड फायर किए।



मुठभेड़ के बाद अस्पताल में उपचाराधीन हत्याकांड में शामिल आरोपी।

### एक और केस दर्ज

डीएसपी कप्तान सिंह ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से दो देशी पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस पार्टी पर जान से मारने के इरादे से फायर करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने की धाराओं के तहत थाना बौंदकलां में मुकदमा दर्ज किया है। हत्याकांड को अंजाम देने वाले तीन आरोपी अमरजीत उर्फ मोनू, नितिन उर्फ कालिया व नितिश उर्फ लास्सी निवासी बौंदकला को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### पैर में गोली लगी होने पर भी अस्पताल से भागा बदमाश

**हरिभूमि न्यूज/करनाल।** करनाल में एनकाउंटर के दौरान टांग में गोली लगने के बाद पकड़ा गया बदमाश सिविल अस्पताल की तीसरी मंजिल पर बने कैदी वार्ड से भाग गया। सीआईए-1 ने उसे 25 मई को पकड़ा था, जिसके बाद उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। आरोपी 28-29 मई की आंधी रात को पुलिस को चकमा देकर अस्पताल से फरार हो गया। उसकी निगरानी के लिए 4 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगी हुई थी। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में सामने आया है कि रात 12 बजे के बाद तूफान की वजह से बिजली ट्रिप कर गई थी। करीब दो-ढाई मिनट के बाद जब बिजली आई तो बदमाश बेड से गायब था। सीसीटीवी में दिख रहा है कि बदमाश बेडशीट लपेट कर चल रहा है। वह बिल्कुल ठीक चल रहा है और लंगड़ा भी नहीं रहा, जबकि दिन में वह खड़े न हो पाने की एक्टिंग कर रहा था। पुलिस ने बदमाश को हथकड़ी पहना रखी थी और हथकड़ी बेड के साथ ही बांध रखी थी। बदमाश के भागने के बाद हथकड़ी बेड पर ही खुली मिलती है। अब सवाल यह उठ रहा है कि बदमाश ने सिर्फ 2 मिनट में हथकड़ी कैसे खोल ली।



आंधी की वजह से ढाई मिनट बत्ती गुल होने का उठाया फायदा
**बड़ा सवाल :** इतनी जल्दी हथकड़ी खोलकर कैसे भागा

#### आरोपी पेट्रोल पंपों पर करता है लूट

पुलिस ने पंजाब के खरड़ निवासी गुरजीत सिंह को तरावड़ी पेट्रोल पंप पर 2 मई को फायरिंग करने और लूट के प्रयास में 25 मई को पकड़ा था। वह बदमाश हरियाणा के 4 जिलों यानी करनाल, कुरुक्षेत्र, सोनीपत व पलवल में हुई पेट्रोल पंप लूट की 5 वारदात में वांटेड था।

## ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल खत्म, 17 मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के बैनर तले 15 मई से चल रही ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार रात को खत्म कर दी गई। यूनियन प्रधान व अन्य पदाधिकारियों ने सरकार से वार्ता के बाद हड़ताल खत्म करने की घोषणा की। साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्री कृष्ण लाल पंवार और मंत्री कृष्ण बेदी ने यूनियन की 17 मांगों पर सहमति बनने की जानकारी दी।

- पानीपत में मंत्री पंवार और बेदी के साथ यूनियन की वार्ता सिरे चढ़ी, पक्का करने की मांग पर होगी समीक्षा

इससे पहले पानीपत में जीटी रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में मंत्री कृष्ण लाल पंवार व मंत्री कृष्ण बेदी के साथ कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। करीब 2 घंटे तक चली बैठक में 17 मांगों पर सहमति बनी। इसके बाद हड़ताल खत्म होने की घोषणा की गई। बताया जा रहा है कि कुल 18 मांगें रखी गई थीं।


मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि प्रदेश सरकार कर्मचारी हितकारी है और यूनियन की सभी जायज मांगें मान ली गई हैं। यूनियन प्रधान ने कहा कि हड़ताल में प्रदेश भर के 10500 कर्मचारी शामिल हुए थे। पूरे प्रदेश में गांव में सफाई का काम 15 मई से बंद था। अब सभी कर्मचारी सुबह काम पर लौट आएंगे। बताया जा रहा है कि न्यूनतम वेतन, भत्तों में बढ़ोतरी व एक्सग्रेसिया आदि कई मांगों पर सहमति बन चुकी है। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग पर हाईकोर्ट के फैसले की समीक्षा के बाद निर्णय होगा।

## सेवा का अधिकार : बोरवेल की अनुमति 45 दिन में देनी होगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने भूजल दोहन के लिए बोरवेल निर्माण की अनुमति से संबंधित एक महत्वपूर्ण सेवा को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के अंतर्गत शामिल कर लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण द्वारा भूजल दोहन हेतु बोरवेल निर्माण के लिए एनओसी अथवा अनुमति प्रदान करने की सेवा अब निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराई जाएगी। अधिसूचना में इस सेवा के लिए 45 दिन की समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके तहत संबंधित प्राधिकरण को आवेदन प्राप्त होने के बाद 45 दिनों के भीतर अनापत्ति प्रमाण-पत्र अथवा अनुमति जारी करनी होगी। अधिसूचना के अनुसार, इस सेवा के लिए मुख्य तकनीकी अधिकारी को नामित अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, मुख्य हाइड्रोलॉजिस्ट को प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी को द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी नामित किया गया है।

## मन्नत पूरी होने पर मां भद्रकाली में अश्वों का जोड़ा किया अर्पित

### भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता कुरुक्षेत्र पहुंचीं



**कुरुक्षेत्र।** नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता शुक्रवार को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र पहुंची। यहां उन्होंने ऐतिहासिक शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर में माथा टेककर माता के दर्शन किए। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने श्री देवीकूप की परिक्रमा कर मन्नत का धागा खोलकर मां के श्री चरणों में अश्वों का जोड़ा अर्पित किया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा व मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने पूजन करवाया। इस मौके पर प्रदेश सचिव राहुल राणा, जिलाध्यक्ष सरदार तेजिंदर सिंह (गोल्डी), प्रभारी दीपक शर्मा, डॉ. एम के मौदगिल, रमेश सैनी, अनु माल्यान, ललित माटा, देवेंद्र गर्ग, सुनील वर्मा, डॉ. संजय शर्मा, देवीदयाल शर्मा, रामपाल लाठर, सरस्वती बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह, राजकुमार सैनी, राम कुमार सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। अब डॉ. अर्चना गुप्ता जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगी।



डॉ. अर्चना गुप्ता ने कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी से भी मुलाकात की। सुमन सैनी ने डॉ. अर्चना गुप्ता का तिलक लगातार स्वागत किया। बता दें कि डॉ. गुप्ता 3 जून को प्रदेश कार्यालय में शपथ लेंगी।

## 7 टूरिस्ट कॉम्प्लेक्सों व ऐतिहासिक स्थलों पर आज होगी वॉक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा 30 मई को हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा आयोजित दूसरी हेरिटेज एंड सिटी वॉक में एथनिक इंडिया, राई (सोनीपत) में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। 'आओ चलें अपनी विरासत के साथ' मुहिम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों से युवाओं व पर्यटकों को जोड़ना है। प्रवक्ता ने बताया कि हेरिटेज एंड सिटी वॉक शनिवार सुबह 6 बजे से 8 बजे तक प्रदेश के सात प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों पर आयोजित की जाएगी। हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा पिंजौर, मोरनी हिल्स, कुरुक्षेत्र, सूरजकुंड, रेवाड़ी, बल्लभगढ़ और एथनिक इंडिया, राई सहित सात स्थानों को इस कार्यक्रम के लिए चिह्नित किया गया है। यहां गाइड के निर्देशन में उन्हें मुख्य पर्यटन क्रेंदों का भ्रमण भी करवाया जाएगा। हरियाणा पर्यटन निगम ने इस कार्यक्रम के लिए प्रति व्यक्ति 500 रुपये शुल्क निर्धारित किया है। प्रतिभागियों को पानी, चाय, कॉफी, रिफ्रेशमेंट और एक विशेष कैप उपलब्ध करवाई जाएगी।

## फतेहाबाद एसीबी की कैथल में कार्रवाई

# वीटा बूथ के लिए 50 हजार लेता एचएसवीपी कर्मी काबू

- शिकायतकर्ता ने आरोपी के साथ बातचीत की रिकॉर्डिंग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो फतेहाबाद की टीम ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) कार्यालय में छापेमारी कर एक कर्मचारी को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संजय कुमार के रूप में हुई है। कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट गुरविंदर सिंह की मौजूदगी में की गई।

जानकारी के अनुसार चीका निवासी तिलक राम ने एसीबी को शिकायत दी थी कि वह वीटा बूथ की परमिशन प्राप्त करना चाहता था। आरोप है कि इस कार्य को करवाने के बदले एचएसवीपी कार्यालय में कार्यरत लिपिक संजय कुमार ने उससे 60 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। बाद में दोनों के बीच 50 हजार रुपये में सौदा तय हो गया। शिकायतकर्ता ने मामले की जानकारी विजिलेंस के सहयोगी रविंद्र जंगी को दी। जांच के दौरान शिकायतकर्ता और आरोपी के बीच हुई बातचीत की कई बार रिकॉर्डिंग करवाई गई। रिकॉर्डिंग में रिश्वत मांगने के आरोपों की पुष्टि होने पर एसीबी ने आरोपी को पकड़ने की योजना तैयार की। योजना के तहत शिकायतकर्ता को 50 हजार रुपये देकर एचएसवीपी कार्यालय भेजा गया। जैसे ही आरोपी संजय कुमार ने रिश्वत की राशि प्राप्त की, पहले से निगरानी कर रही एसीबी फतेहाबाद की टीम ने कार्यालय में छापा मारकर उसे रंगे हाथ काबू कर लिया।



एसीबी फतेहाबाद द्वारा काबू किया गया एचएसवीपी का लिपिक संजय।

# मुख्य सचिव रस्तोगी जून में हो रहे रिटायर बॉस की कुर्सी के लिए लाइन में 10 दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी का कार्यकाल जून माह में समाप्त होने जा रहा है, यही कारण है कि बड़े बॉस की कुर्सी पर बैठने वालों ने लॉबिंग शुरू कर दी है। कई आईएएस अफसरों को इस लाइन में देखा जा रहा है। वर्ष 1990 बैच के आईएएस अनुराग रस्तोगी को सरकार की तरफ से सेवानिवृत्ति के बाद एक्सटेंशन (सेवा विस्तार) दिया गया था । अब उनका कार्यकाल 30 जून को समाप्त होने जा रहा है। मुख्य सचिव बनने की दौड़ में करीब दस आईएएस अफसर शामिल हैं। दावेदारों में से नौ ऐसे अधिकारी हैं जिनकी इसी साल और अगले साल सेवानिवृत्ति होने जा रही है। ऐसे में सरकार मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी देने के लिए गंभीर मंथन में जुटी हुई है।



अनुराग रस्तोगी।

### केंद्र में सेवाएं दे रहे मलिक

दावेदारों में शामिल 1991 बैच के आईएएस अनिल मलिक अप्रैल 2028 में सेवानिवृत्त होंगे। वे केंद्र में सेवाएं दे रहे हैं, इसी बैच की आईएएस अधिकारी जी अनुपमा नवंबर 2027 में सेवानिवृत्त होंगी। वर्तमान में वह सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,नागरिक उड्डयन विभाग की जिम्मेदारी दी हुई है। इस बैच के अपूर्व कुमार सिंह ( एके सिंह) अक्टूबर 2027 में रिटायर होंगे , केंद्र में सेवाएं दे रहे अभिलक्ष्य लिखी अक्टूबर 2026 में, 1992 बैच आईएएस अरुण गुप्ता सितंबर 2026 में और 1993 बैच आईएएस वी उमाशंकर जून 2028 में सेवानिवृत्त होंगे। उमाशंकर वर्तमान में सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की जिम्मेदारी देख रहे हैं।

### सुधीर राजपाल व डॉ. सुमिता दो प्रबल दावेदार

मुख्य सचिव पद को लेकर वरिष्ठता क्रम की बात करें तो 1990 बैच के आईएएस अफसर सुधीर राजपाल हैं। राजपाल इसी वर्ष नवंबर माह में सेवानिवृत्त होंगे। सुधीर राजपाल वर्तमान में गृह विभाग संभाल रहे हैं। कानून-व्यवस्था, जेल प्रशासन और न्यायिक जैसे विभाग के जरिये वे सीधे सरकार के कोर प्रशासन से जुड़े होते हैं। दूसरी बड़ी दावेदार की बात की जाए, तो 1990 बैच की ही आईएएस डॉ. सुमिता मिश्रा हैं। मिश्रा जनवरी 2027 में सेवानिवृत्त होंगी। इन दिनों वे राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, वित्त आयुक्त,स्वास्थ्य विभाग,चिकित्सा शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी देख रही हैं। इस क्रम में तीसरा नाम भी है, इसमें 1990 बैच आईएएस राजाशेखर वुंडरू परिवहन विभाग का जिम्मा संभाल रहे हैं लेकिन वह जुलाई 2026 में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इस पद के लिए दावेदार 1991 बैच के आईएएस विनीत गर्ग सितंबर 2027 में सेवानिवृत्त होंगे और वर्तमान में उनके पास प्रिंटिंग और स्टेशनरी विभाग की जिम्मेदारी है।

### बड़ी पोस्टिंग में पहले भी टूटता रहा है वरिष्ठता क्रम

सूबे में वरिष्ठता क्रम पहले भी टूटता रहा है। अब से पहले जहां वरिष्ठता क्रम को छोड़ने के कारण सुनील गुलाटी सीएस बनने से रह गए थे। यह बात अलग है कि उन्हें स्पेशल मुख्य सचिव का रैंक देकर रिटायर कर दिया गया। 2025 में अपने से वरिष्ठ 1990 बैच के आईएएस अधिकारियों सुधीर राजपाल और डॉ. सुमिता मिश्रा से पहले मुख्य सचिव बनाया गया। इसके अलावा पिछले पांच साल में जो अन्य नियुक्तियां की गईं उनमें सरकार ने आमतौर पर सबसे वरिष्ठ अधिकारी या केंद्र से लौटे वरिष्ठ अफसर को ही मुख्य सचिव बनाया। 2021 में संजीव कौशल की नियुक्ति वरिष्ठता के हिसाब से हुई थी। 2024 में टीवीएसएन प्रसाद को मुख्य सचिव बनाया गया, वह 1988 बैच के वरिष्ठ अधिकारी थे। 2024 के अंत में विवेक जोशी को मुख्य सचिव बनाया, जो 1989 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी थे और केंद्र में डीओपीटी सचिव रह चुके थे।

## मामा के साथ जा रहे बहन और भाई को कैंटर ने कुचला, किशोरी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

गुरुवार की रात कसोला चौक के पास सर्विस रोड पर खड़े भाई-बहन को एक कैंटर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बहन की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक कैंटर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। संगवाड़ी निवासी 15 वर्षीय निशा और उसके भाई समयपाल को उनका मामा बिजेंद्र अपने गांव बाइक पर लेकर जा रहा था। कसोला चौक के पास बिजेंद्र की बाइक अचानक खराब हो गई। वह निशा और समयपाल को सर्विस रोड पर खड़ा करने के बाद बाइक को पैदल मिस्त्री के पास लेकर चला गया। इसी दौरान नेशनल हाइवे से उतरकर सर्विस रोड पर आए कैंटर ने भाई-बहन को टक्कर मार दी। दोनों सड़क किनारे गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने निशा को मृत घोषित कर दिया। समयपाल को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। कैंटर चालक हादसे के बाद गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने शुक्रवार को निशा का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



## सुरक्षा — सीआईएसएफ महानिदेशक ने चंडीगढ़ में की समीक्षा बैठक

# दुश्मन के ड्रोन उड़ाने को तैयार हो रही हमारी फोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक प्रवीर रंजन की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में एक उच्चस्तरीय परिचालन समीक्षा बैठक आयोजित की गई, इसमें ड्रोन-विरोधी प्रशिक्षण और हवाई अड्डों की सुरक्षा पुख्ता करने पर मुख्य जोर दिया गया। रंजन ने बताया कि बैठक का उद्देश्य सीआईएसएफ के 'उत्तर क्षेत्र' और 'हवाई अड्डा क्षेत्र' की सुरक्षा तैयारियों, सामरिक रणनीतियों और परिचालन क्षमताओं का व्यापक मूल्यांकन करना था। संवेदनशील राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों और नागरिक उड्डयन क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने और अंतः एजेंसी समन्वय को मजबूत करने पर एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात जैसे अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राज्यों में सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए यह समीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। महानिदेशक ने सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन संबंधी खतरों और तोड़फोड़ विरोधी (एंटी-सेबोटेज) उपायों की समीक्षा की। कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों से निपटने के लिए सीआईएसएफ ने भारतीय सेना के सहयोग से एक 'चरणबद्ध ड्रोन-विरोधी प्रशिक्षण कार्यक्रम' शुरू किया है, जिसके तहत जवानों को संदिग्ध मानव रहित हवाई प्रणालियों को ट्रैक और निष्क्रिय करने का कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही, जवानों के तनाव प्रबंधन के लिए 'आर्ट ऑफ लिविंग' जैसे कार्यक्रमों का भी सहारा लिया जा रहा है। उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा मानकों को वैश्विक स्तर पर लाने के लिए देश के हवाई अड्डों पर कई आधुनिक तकनीकों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इनमें मुख्य रूप से यात्रियों के सुगम और कागज रहित आवागमन के लिए बायोमेट्रिक-आधारित डिजिटल सत्यापन प्रणाली, फुल बॉडी स्कैनर, सीसीटीवी वीडियो एनालिटिक्स और ऑटोमेटिक ट्रे रिटर्न सिस्टम, केंद्रीकृत एक्सेस कंट्रोल, पैरामीटर इंट्रूज़न डिटेक्शन सिस्टम और बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल सिस्टम शामिल है।





**चंडीगढ़।** सीआईएसएफ की बैठक में चर्चा करते अधिकारी।

### विमानन सुरक्षा अकादमी पर विचार

उन्होंने कहा कि हवाई अड्डों पर तैनात क्विक रिएक्शन टीम को मजबूत करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत अब तक 49 विमानन सुरक्षा समूहों के 659 कमांडो 'बैटल इनोकुलेशन ट्रेनिंग' पूरी कर चुके हैं। वर्ष 2026 के अंत तक सभी 72 हवाई अड्डों पर इसे लागू करने का लक्ष्य है। इसके अतिरिक्त, विमानन सुरक्षा में अनुसंधान के लिए 'सीआईएसएफ विमानन सुरक्षा अकादमी' का प्रस्ताव विचाराधीन है और बेंगलुरु में विशेष महिला क्यूआरटी/कमांडो प्रशिक्षण केंद्र समर्पित किया गया है।

# बीएसएफ के एएसआई मणिपुर में हुए शहीद, सैनिक सम्मान के साथ संस्कार

- असम राइफल्स के साथ किए ज्वाइंट ऑपरेशन में वीरगति पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

भाकली गांव निवासी व बीएसएफ में एएसआई के पद पर कार्यरत दयाकिशन यादव पुत्र शेर सिंह मणिपुर में तैनाती के दौरान असम राइफल्स के साथ किए जा रहे एक ज्वाइंट ऑपरेशन में वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके पार्थिव शरीर को शुक्रवार को अपनी गाड़ी में लेकर बीएसएफ की टुकड़ी भाकली गांव पहुंची। सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा उनकी पार्थिव देह को फूलों से सजी ट्रैक्टर ट्राली में उनके घर ले जाया गया। गांव की श्मशान भूमि में सैनिक सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व बीएसएफ के जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। बीएसएफ, पुलिस और प्रशासन की ओर से उन्हें पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम विदाई के समय भारी संख्या में गणमान्य ग्रामीण, महिलाएं और युवा मौजूद रहे तथा नम आंखों से बलिदानी वीर जवान को भारत माता के जयकारों के बीच अंतिम विदाई दी। स्वजन के अनुसार दयाकिशन यादव 1995 में बीएसएफ में भर्ती हुए थे। 53 वर्षीय बलिदानी दयाकिशन अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटी और एक बेटा हैं।



**कोसली।** शहीद को अंतिम सलामी देते जवान व इनसेट में शहीद दयाकिशन।

# ग्राहक पेट्रोल पंप पर खुद चुन सकेंगे गाड़ी के हिसाब से इथेनॉल ब्लेंड

**नई दिल्ली।** देश भर के वाहन चालकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, सरकार 'सुपरमार्केट-स्टाइल चॉइस' लागू करने की दिशा में काम कर रही है। इसके चलते फ्यूल स्टेशनों में गाड़ी चलाने वालों को अलग-अलग इथेनॉल ब्लेंड वाले पेट्रोल का विकल्प दे सकते हैं, जिससे ग्राहक अपनी गाड़ी की कम्पैटिबिलिटी के आधार पर फ्यूल चुन सकेंगे। सरकार ने तेल कंपनियों को ई20, ई22, ई25 और ई30 ईंधन वेरिएंट के लिए डिस्पेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की सलाह दी है। यह कदम ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स द्वारा नए इथेनॉल मिश्रणों के लिए नियम लागू करने और अप्रैल में सरकार के पूरी तरह से इथेनॉल से चलने वाले वाहनों को अनुमति देने के प्रस्ताव के बाद उठाया गया है।

### अरबों डॉलर की बचत होगी

पेट्रोल पंपों पर जितना अधिक इथेनॉल का ऑप्शन मिलेगा, उतनी तेजी से तेल का आयात घटता जाएगा। इससे सरकार की अरबों डॉलर की बचत होगी। इसका एक दूसरा फायदा यह है कि चूंकि इथेनॉल मुख्य रूप से गन्ने के रस, मक्के और खराब अनाज से बनाया जाता है इसलिए जब पेट्रोल पंपों पर इसकी मांग बढ़ेगी, सरकार को भारी मात्रा में इथेनॉल खरीदना होगा। इसका सीधा फायदा किसानों और चीनी मिलों को होगा।

# दिल्ली-एनसीआर में जीआरएपी के पहले चरण के प्रतिबंध हटाए गए

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शुक्रवार को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु गुणवत्ता में काफी सुधार होने के बाद चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) के तहत पहले चरण के प्रतिबंध हटा दिए। आयोग के अनुसार, अनुकूल मौसम की स्थिति के कारण शुक्रवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 123 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। एक अधिकारी ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के पूर्वानुमान के अनुसार, आने वाले दिनों में भी एक्यूआई 'मध्यम' श्रेणी में रहने का अनुमान है। जीआरएपी का पहला चरण 19 मई को लागू किया गया था। पहले चरण के प्रतिबंध हटने के साथ ही, होटल, रेस्तरां और खुले भोजनालयों में तंदूर में कोयले व लकड़ी के इस्तेमाल पर प्रतिबंध और केवल आपातकालीन या आवश्यक स्थितियों में डीजल जनरेटर के उपयोग जैसे प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। सीपीसीबी के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

# देश में जल्द चलेंगे प्लास्टिक के नोट, पायलट प्रोजेक्ट शुरू होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- रिजर्व बैंक की बोर्ड बैठक में फैसला

भारत में डिजिटल पेमेंट्स के तेजी से बढ़ते दौर के बावजूद नकदी की मांग लगातार बढ़ रही है। इसी बढ़ती जरूरत को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक दशक पुराने पॉलीमर यानी प्लास्टिक बैंकनोट के प्रस्ताव को फिर से जीवित कर दिया है। पॉलीमर या प्लास्टिक नोटों को शुरू करने के मुद्दे पर केंद्रीय बैंक की पिछली दो बोर्ड बैठकों में चर्चा हुई थी, जो पटना और मुंबई में हुई थीं। ऑटोमेटेड टेलर मशीनें भी पॉलीमर-आधारित नोट निकालने में सक्षम हो जाएंगी। बैंक ने कहा कि अब हमारे पास ऐसा करने के लिए ज़रूरी संसाधन मौजूद हैं। दुनिया में अब तक लगभग 60 ऐसे देश हैं जिन्होंने पॉलीमर से बने बैंक नोटों को चलन में लाया है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-पावरकेबल-आईपीएस-26, दिनांक: 27.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: एसडीएसटीई-पावरकेबल-आईपीएस-26 के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत रिंग व्यवस्था में 16 वर्ग मिमी कॉपर केबलों का इस्तेमाल करते हुए ऑटो चेंज ओवर पैनल से आईपीएस एवं आईपीएस से रिले रूम तक स्टैंड बाई पावर केबल का प्रावधान। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 5,74,50,242/-, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु.11,49,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 05.06.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 19.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

HWH-109/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : X @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## खबर संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार में आई 7.5 अरब डॉलर गिरावट



**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 मई को समाप्त सप्ताह में 7.51 अरब डॉलर घटकर 681.38 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 8.09 अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

### रुपया 53 पैसे मजबूत होकर 95.05 प्रति डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 53 पैसे मजबूत होकर 95.05 प्रति डॉलर पर रहा। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर बढ़ी उम्मीद से बाजार धारणा मजबूत होने के बीच रुपया मजबूत हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट और डॉलर में कमजोरी से भी रुपये को समर्थन मिला।

## रिजर्व बैंक ने अपनी जारी वार्षिक रिपोर्ट में कहा

# चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूतः आरबीआई

*भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद मजबूत बनी हुई है और मजबूत वृहद आर्थिक आधार चालू वित्त वर्ष 2026-27 में वृद्धि को सहारा देंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऊंची ऊर्जा कीमतों, आपूर्ति शृंखला में बाधाओं और वैश्विक बाजारों से आने वाली चुनौतियों के बावजूद कंपनियों एवं बैंकिंग क्षेत्र के मजबूत बही-खाते तथा सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर भारत की मजबूत वृद्धि गति के लिए अनुकूल है। इसमें कहा गया है कि 2026 में भू-राजनीतिक जोखिम वैश्विक वृद्धि के लिए प्रमुख बाधा बनकर उभरा है।

### अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ

फरवरी 2026 के अंत में पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने का असर वैश्विक वृद्धि और मुद्रास्फीति के अनुमानों में दिख रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, '' मध्यम वैश्विक वृद्धि के परिदृश्य के बीच 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। हालांकि पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष नकारात्मक जोखिम पैदा कर सकता है।''

**ऊंची ऊर्जा कीमतें व आपूर्ति श्रृंखला बाधाओं की चुनौती कायम**

**बावजूद कंपनियों और बैंकिंग क्षेत्र के बही खाते मजबूत**

**सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर ताकि मजबूत वृद्धि बने रहे**




*वैश्विक तनाव का कच्चे माल व उर्वरकों की कीमतों पर दबाव : रिपोर्ट में कहा गया कि मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव प्रमुख कच्चे माल, विशेषकर उर्वरकों की उपलब्धता और कीमतों पर दबाव डाल सकते हैं।*

*मुद्रास्फीति तय लक्ष्य के अनुरूप रहने की संभावना : पर्याप्त खाद्यान्न भंडार, जलाशयों में पर्याप्त जल स्तर और स्थिर कृषि संभावनाओं से 2026-27 में मुद्रास्फीति के तय लक्ष्य के अनुरूप रहने की संभावना है, भले ही अल नीनो की स्थिति और सामान्य से अधिक गर्मी हो।*

### कृषि क्षेत्र मानसून की प्रगति पर निर्भर

रिपोर्ट में कहा गया कि 2026-27 में कृषि क्षेत्र का परिदृश्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति एवं वितरण पर निर्भर करेगा। इसमें कहा गया, '' अल नीनो की संभावना कृषि उत्पादन के लिए नकारात्मक जोखिम उत्पन्न करती है। हालांकि मानसून के उत्तरार्ध में वर्षा बढ़ाने वाली सकारात्मक हिंद महासागर द्विध्रुवीय स्थिति इसके प्रतिकूल प्रभाव को आंशिक रूप से कम कर सकती है।''

### व्यापार समझौते भारत की वृद्धि को गति देगा

इसमें कहा गया कि प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ विभिन्न व्यापार समझौतों का क्रियान्वयन भारत की वृद्धि को और गति देगा। भारत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ते हुए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहा, जबकि 2024-25 में यह वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत थी। यह मजबूत घरेलू मांग, निरंतर निवेश, सक्रिय नीतिगत पहल और ठोस व्यापक आर्थिक आधार से समर्थित रही।

### डिजिटल मुद्रा विस्तार करने की योजना

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आरबीआई केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के परीक्षणात्मक उपयोग का विस्तार करने की योजना बना रहा है, ताकि इसे डीबीटी योजनाओं और घरेलू खुदरा क्षेत्र में नए उपयोगों तक पहुंचाया जा सके। साथ ही, वित्तीय परिसंपत्तियों के 'टोकनाइजेशन' और अधिक प्रतिभागियों को शामिल करने के लिए अतिरिक्त परीक्षणात्मक परियोजनाओं पर भी विचार किया जा रहा है।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द आगार व उपकेन्द्र नरवाना / सफीदों/उचाना व अलेवा बस स्टैण्ड़ों पर स्थित खाली दुकानों / बूथों की निलामी (किराये पर) नया बस स्टैण्ड, जीन्द में दिनांक 08.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे होगी। अधिक जानकारी हेतू इस कार्यालय के भवन लिपिक से किसी भी कार्यदिवस पर सम्पर्क करें।

**हस्ता/-महाप्रबन्धक**
**हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द**

पीआरडीएच 1119/11/882/2027/45742/88/6 दि. 29.05.2026

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मार्केट कमेटी आदमपुर द्वारा अपने पुराने नकारा व कण्डम सामान की दिनांक 12.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय मार्केट कमेटी आदमपुर में खुली बोली द्वारा निलाम किया जाऐगा। इच्छुक व्यक्ति निलामी में भाग लेकर शुभ अवसर का लाभ उठाएँ। निलामी में भाग लेने से पूर्व धरोहर राशि रूपये 50,000/- जमा करवानी हागी। अन्य शर्ते व सामान की जानकारी हेतू किसी भी कार्य दिवस को इस कार्यालय से सम्पर्क करें। बोली की शर्ते मौके पर सुनवाई जाऐगी।

**हस्ता/- सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी**
**मार्केट कमेटी आदमपुर।**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मार्केट कमेटी आदमपुर द्वारा कार्यालय प्रांगण में रखे सुखे पेड़ो की दिनांक 10.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय मार्केट कमेटी आदमपुर में खुली बोली द्वारा निलाम किया जाऐगा। इच्छुक व्यक्ति निलामी में भाग लेकर शुभ अवसर का लाभ उठाऐं। निलामी में भाग लेने से पूर्व धरोहर राशि रूपये 10,000/- जमा करवानी हागी। अन्य शर्ते व सामान की जानकारी हेतू किसी भी कार्य दिवस को इस कार्यालय से सम्पर्क करें। बोली की शर्ते मौके पर सुनवाई जाऐगी।

**हस्ता/- सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी**
**मार्केट कमेटी आदमपुर।**

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-05-2026-27 दिनांक 29.05.2026**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की और से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदाये आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओ को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शाई गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता। इनको 15:00 बजे के उपरांत तत्काल खोला जायेगा।

क्र.सं.: 1, **निविदा संख्याः** ETrU-T-05-2026-27, **कार्य का विवरणः** अंबाला मंडल में प्री-मानसून अवधि के दौरान वृक्षों की शाखाओं कटाने हेतू कार्य। **निविदा बंद/खुलने की तिथिः** 22.06.2026, **लगभग लागतः** ₹ 19,44,347.70/-, **धरोहर राशि** ₹ 38,900/-, **कार्य पूरा करने की अवधिः** 12 महीने, **वैधता अवधिः** 60 दिन, **टेण्डर फॉर्म की कीमतः** Downloading through IREPS portal-NIL (₹ 2,000/- Sr.DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)

1. निविदाकार को सभी जरुरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेवसाइट www.ireps.gov.in पर जाये।

1824/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सोना 1,600 रुपये मजबूत चांदी 5,000 रुपये रही तेज

**गुवाहटी (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,600 रुपये बढ़कर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। यह तेजी, मजबूत वैश्विक रुख, अमेरिका-ईरान के बीच शुरुआती समझौते की संभावना और घरेलू बाजार में शादी-ब्याह की मांग की उम्मीदों के कारण आई है।99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,600 रुपये बढ़कर 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बुधवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमत भी 5,000 रुपये मजबूत होकर 2,74,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम थी। ईद-उल-अजहा के अवसर पर बृहस्पतिवार को सर्राफा बाजार बंद रहे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. में जिंस शोध प्रमुख हरीश वी ने कहा, ''सोने और चांदी की कीमतें थोड़ी बढ़ी है। इसका कारण अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम से जुड़े घटनाक्रम और हाल में महंगाई के आंकड़ों के बाद अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर संबंधी परिदृश्य है।

# कमजोर मानसून के अनुमान से दबाव में शेयर बाजार, सेंसेक्स 1,092 अंक लुढ़का

**मुंबई (भाषा)।** मानसून के कमजोर रहने के अनुमान और अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेज गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,092 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 24,550 अंक से नीचे बंद हुआ। कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में बिकवाली बढ़ने से बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,092.06 अंक यानी 1.44 प्रतिशत गिरकर 74,775.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,278.69 अंक टूटकर 74,589.11 अंक तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 359.40 अंक यानी 1.50 प्रतिशत फिसलकर 23,547.75 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा सत्र रहा जिसमें बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 639.41 अंक यानी 0.84 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, इंटरग्लोब एविएशन, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, लार्सन एंड टुब्रो और इन्फोसिस के शेयरों में तेजी का रुझान रहा।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | वर्ष 2026-27 हेतु मुआना और डिडवारा खरीद केन्द्रों समेत एनजीएम सफीदों, एनवीएम सफीदों में एमसी सम्पत्तियों फेज-II की वार्षिक मरम्मत + 9 कार्य। | 29.05.2026 05.06.2026 | रु.82,67,046/- | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejind38.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/45735/I/88/6 दि. 29.05.26


## राशिफल


**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।


**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।


**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।


**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।


**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।


**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।


**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## 1 जून से पड़ सकता है आम आदमी की जेब पर असर

# एटीएम से कैश, सोलर पैनल हो सकता है महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मई खत्म होने और जून की शुरुआत होने में कुछ दिन बाकी है। महीने की शुरुआत यानी 1 जून से कुछ महत्वपूर्ण नियमों में बदलाव देखने को मिल सकता है। इन बदलावों में गैस सिलेंडर की कीमतों, बैंकिंग सेवाओं, यूपीआई पेमेंट, रेलवे और पैन कार्ड से जुड़े नियम शामिल है। जो आपकी जेब में सीधा असर हो पड़ सकता है। आइए जानते हैं इसके बारे में

**एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें:** तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी और सीएनजी-पीएनजी के दामों की समीक्षा करती हैं। ईरान में चल रहे तनाव के कारण सप्लाई चेन पर असर पड़ा है, जिससे रसोई गैस के दाम बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

### एटीएम से कैश निकालना होगा महंगा

जून से कई बैंक अपने एटीएम ट्रांजैक्शन स्ट्रक्चर में बदलाव कर रहे हैं। अब फ्री लिमिट खत्म होने के बाद कैश निकालना, मिनी स्टेटमेंट लेना या बैलेंस चेक करना पहले से महंगा हो सकता है। अपने बैंक का नोटिफिकेशन जरूर चेक करें।

### सोलर पैनल खरीदना होगा महंगा

सरकारी सब्सिडी वाली 'सूर्य घर योजना' के लिए अब केवल सरकार द्वारा अप्रूव्ड (एएलएमएम लिस्ट) सोलर पैनल्स का ही इस्तेमाल हो सकेगा। नियम सख्त होने से इनकी कीमतों में बढ़ोत्तरी के आसार हैं।

### एफडी की ब्याज दरों में फेरबदल


कई सरकारी और निजी बैंक अपनी एफडी की ब्याज दरों को रिवाइज कर रहे हैं। आरबीआई की नीतियों के आधार पर कुछ पुरानी स्कीम्स बंद हो सकती हैं और नई आकर्षक ब्याज दरें लागू हो सकती हैं।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 15, एम.सी. रोहतक में रेलवे अंडरपास एलएचएस 106ए (डबल-फाटक) रोहतक के प्रचालन और रखरखाव हेतु आकलन। | 28.05.2026 04.06.2026 | रु. 21.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक में विभिन्न वार्डों 07, 10, 11, 12, 15, 18, 20, 21 में नाला की गाद निकालना। | 28.05.2026 04.06.2026 | रु. 24.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45733/I/88/6 दि. 29.05.26

## शब्द पहेली - 6241




**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली- 6240 का हल





चिंतन

# खेलों को राजनीति से दूर रखने की जरूरत

खेलों में राजनीति कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब यह इस हद तक बढ़ जाए कि खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए कोर्ट तक जाना पड़े तो यह किसी भी देश के लिए ठीक नहीं है। हालांकि, यह स्थिति खिलाड़ियों और राजनेताओं दोनों के लिए ही खतरनाक है। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गंभीर असर पड़ता है, वहीं राजनीति पर भी सवाल उठते हैं। ऐसे में जरूरी है कि खेलों को राजनीति से दूर रखा जाए, तभी खेलों का विकास संभव हो सकेगा। देखने में आया है कि खेल जगत में पिछले कुछ वर्षों में जितनी चर्चा खिलाड़ियों की उपलब्धियों की नहीं हुई, उससे कहीं अधिक विवादों, धरनों, अदालतों और राजनीतिक बयानबाजी की हुई है। ओलंपियन विनेश फोगाट को एशियन गेम्स ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देने संबंधी सुप्रीम कोर्ट का फैसला इसी व्यापक संकट के बीच आया है। अदालत ने जहां खिलाड़ी के अधिकारों का सम्मान किया, वहीं यह भी स्पष्ट कर दिया कि "देश सबसे पहले" और खेल व्यवस्था की निष्पक्षता सर्वोपरि है। अब बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर भारतीय खेलों का वातावरण इस हद तक विवादित क्यों हो गया कि खिलाड़ियों को अपने अधिकारों के लिए सड़क से अदालत तक लड़ाई लड़नी पड़ रही है। खेल मैदानों में अब प्रदर्शन से अधिक चर्चा संघों की राजनीति, गुटबाजी और सत्ता संघर्ष की होने लगी है। विनेश फोगाट भारतीय महिला कुश्ती का बड़ा चेहरा रही हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश को गौरव दिलाया है। पिछले कुछ वर्षों में उनका नाम खेल उपलब्धियों से ज्यादा विवादों के संदर्भ में सामने आया। भारतीय कुश्ती महासंघ और खिलाड़ियों के बीच टकराव, धरने-प्रदर्शन, आरोप-प्रत्यारोप और फिर कानूनी लड़ाइयों ने यह दिखाया कि खेल प्रशासन में भरोसे का संकट गहराता जा रहा है। खिलाड़ी ध्यान रखें कि वे किसी विचारधारा या राजनीतिक समूह के प्रतीक न बनें और अपने खेल पर ध्यान दें। राजनेताओं की भूमिका खेलों के विकास तक सीमित रहनी चाहिए। जब खिलाड़ी राजनीतिक लाभ का माध्यम बनने लगते हैं, तब खेल का मूल उद्देश्य पीछे छूट जाता है। यह स्थिति खिलाड़ियों के लिए भी उतनी ही नुकसानदायक है, जितनी खेल संस्थाओं के लिए। हालांकि, केवल राजनेताओं को दोष देना पर्याप्त नहीं होगा। खेल संघों और प्रशासकों की जवाबदेही भी उतनी ही जरूरी है। भारतीय कुश्ती महासंघ जैसे संगठनों पर समय-समय पर पारदर्शिता की कमी, पक्षपात और मनमानी के आरोप लगते रहे हैं। यदि चयन प्रक्रिया निष्पक्ष और विश्वसनीय होती, तो शायद विवाद अदालत तक नहीं पहुंचते। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रायल की वीडियो रिकॉर्डिंग और स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की निगरानी का निर्देश इसी भरोसे को बहाल करने की कोशिश है। अदालत का यह संदेश भी महत्वपूर्ण है कि किसी एक खिलाड़ी के कारण पूरे चयन कार्यक्रम को बाधित नहीं किया जा सकता। खेलों में नियम और प्रक्रिया सभी के लिए समान होनी चाहिए। चयन का आधार केवल प्रदर्शन होना चाहिए, न कि प्रभाव, लोकप्रियता या राजनीतिक समर्थन। यदि खिलाड़ी लगातार विवादों और असुरक्षा के माहौल में रहेंगे, तो इसका सीधा असर देश के प्रदर्शन पर पड़ेगा। विनेश फोगाट प्रकरण से सबसे बड़ा सबक यही निकलता है कि खेलों को अदालतों और राजनीतिक मंचों से निकालकर फिर से मैदान तक लाना होगा। खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करें, किसी दल या विचारधारा का नहीं। जब खेल राजनीति से मुक्त होंगे, तभी प्रतिभा खुलकर सामने आएगी और देश को वास्तविक गौरव मिलेगा।



व्यवस्था
कांतिलाल मांडोत

# तकनीकी क्रांति से बदलेगा खाद्य सुरक्षा तंत्र

> सरकार ने सार्थक पीडीएस योजना को मंजूरी देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में राशन वितरण व्यवस्था केवल अनाज बांटने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह तकनीक पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा एक मजबूत डिजिटल नेटवर्क बनने जा रही है। जब किसी जरूरतमंद परिवार को बिना परेशानी समय पर राशन मिलता है तो उसका भरोसा शासन व्यवस्था पर मजबूत होता है। यह नई व्यवस्था आने वाले समय में गरीब कल्याण योजनाओं के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकती है। यह कदम देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है जहां पारदर्शिता, जवाबदेही और आधुनिक तकनीक मिलकर करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए लिया गया फैसला देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़े बदलाव का संकेत है। सरकार ने सार्थक पीडीएस योजना को मंजूरी देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में राशन वितरण व्यवस्था केवल अनाज बांटने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह तकनीक पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा एक मजबूत डिजिटल नेटवर्क बनने जा रही है। इस योजना के माध्यम से देश के लगभग 80 करोड़ लोगों तक सीधा लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

सरकार इस योजना पर लगभग 25 हजार 530 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है, जो यह दर्शाता है कि गरीब और जरूरतमंद वर्ग तक सही तरीके से राशन पहुंचाने को लेकर केंद्र सरकार कितनी गंभीर है। भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली लंबे समय से गरीबों के लिए जीवनरेखा मानी जाती रही है। करोड़ों परिवार हर महीने मिलने वाले राशन पर निर्भर रहते हैं। वर्षों से इस व्यवस्था में कई प्रकार की समस्याएं सामने आती रही हैं, जिनमें फर्जी राशन कार्ड बिचौलियों की भूमिका वितरण में गड़बड़ी और अनाज की चोरी जैसी शिकायतें प्रमुख रही हैं। कई राज्यों में यह भी देखा गया कि वास्तविक लाभार्थियों तक पूरा राशन नहीं पहुंच पा रहा था, जबकि कई अपात्र लोग इसका फायदा उठा रहे थे। ऐसे में केंद्र सरकार ने इस पूरी व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़कर अधिक मजबूत और भरोसेमंद बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सार्थक पीडीएस योजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू इसका डिजिटल और एआई आधारित ढांचा है। सरकार अब लाभार्थियों के पंजीकरण और सत्यापन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक डिजिटल तकनीकों का उपयोग करेगी। इससे फर्जी राशन कार्डों की पहचान आसान होगी और वास्तविक लाभार्थियों तक राशन पहुंचाने में मदद मिलेगी। डिजिटल तकनीक के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी व्यक्ति को दोहरा लाभ न मिले और हर पात्र परिवार को उसका अधिकार समय पर प्राप्त हो सके। यह व्यवस्था पारदर्शिता को बढ़ाने के साथ साथ भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर भी प्रभावी रोक लगाने में सहायक साबित होगी। आज के दौर में तकनीक केवल सुविधा का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि प्रशासनिक सुधार का सबसे मजबूत आधार बन चुकी है। बैंकिंग स्वास्थ्य शिक्षा और परिवहन की तरह अब राशन व्यवस्था भी तकनीकी बदलाव के दौर से गुजर रही है। सरकार का प्रयास है कि पीडीएस प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल बनाकर इसे अधिक सरल, तेज और पारदर्शी बनाया जाए। इससे लाभार्थियों को राशन लेने में कम परेशानी होगी और अधिकारियों के लिए निगरानी करना आसान हो जाएगा। आने वाले समय में लाभार्थियों का पूरा डेटा डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा, जिससे योजनाओं के संचालन में तेजी आएगी। इस योजना का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू राज्यों को मिलने वाली आर्थिक सहायता है। अभी तक भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से अनाज को जिलों और राशन दुकानों तक पहुंचाने में राज्य सरकारों को भारी खर्च उठाना पड़ता था। कई राज्यों ने इस संबंध में आर्थिक बोझ की समस्या भी उठाई



थी। अब केंद्र सरकार ने इस परिवहन और वितरण व्यवस्था में राज्यों को वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। इससे राज्यों को राहत मिलेगी और राशन वितरण व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकेगा। यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई बार परिवहन व्यवस्था में देरी या संसाधनों की कमी के कारण राशन समय पर दुकानों तक नहीं पहुंच पाता था। नई व्यवस्था से वितरण प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और सुचारु बनने की उम्मीद है। राशन डीलरों के कमीशन में बढ़ोतरी का फैसला भी इस योजना का अहम हिस्सा है। देशभर में लाखों राशन डीलर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की रीढ़ माने जाते हैं। लंबे समय से वे अपने कमीशन में बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे क्योंकि बढ़ती महंगाई और संचालन खर्च के बीच पुराने कमीशन में दुकानों का संचालन कठिन हो रहा था। सरकार ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए कमीशन बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे राशन डीलरों को आर्थिक राहत मिलेगी और वे अधिक जिम्मेदारी तथा ईमानदारी के साथ काम कर सकेंगे। जब किसी व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों और डीलरों को उचित आर्थिक सहयोग मिलता है तो व्यवस्था की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। यह योजना केवल प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में भी बड़ा कदम है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बड़ी आबादी अभी भी आर्थिक रूप से कमजोर है वहां सस्ती दरों पर मिलने वाला राशन करोड़ों परिवारों के लिए जीवन का आधार है। कोविड महामारी के दौरान देश ने देखा कि मुफ्त राशन योजना ने गरीबों को संकट से बचाने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसे में राशन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी तथा मजबूत बनाना समय की बड़ी जरूरत थी। सार्थक पीडीएस योजना इसी दिशा में एक व्यापक और दूरदर्शी पहल मानी जा रही है। सरकार का मानना है कि डिजिटल व्यवस्था लागू होने से भ्रष्टाचार में कमी आएगी और खाद्यान्न की चोरी पर रोक लगेगी। कई बार शिकायतें आती थीं कि लाभार्थियों के नाम पर राशन उठाकर बाजार में बेच दिया जाता था। जब पूरी व्यवस्था ऑनलाइन निगरानी से जुड़ जाएगी, तब हर चरण की जानकारी रिकॉर्ड में रहेगी। इससे अनाज की आवाजाही से लेकर वितरण तक पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जा सकेगी। पारदर्शिता बढ़ने से जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से सरकार पहले ही कई सेवाओं को ऑनलाइन कर चुकी है। अब राशन व्यवस्था को भी इसी दिशा में ले जाने का प्रयास हो रहा है। आने वाले वर्षों में यह योजना देश की सबसे आधुनिक और प्रभावी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के रूप में विकसित हो सकती है। कैबिनेट बैठक में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों और विभागों को पूरी गंभीरता और राष्ट्रहित की भावना के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं रहना चाहती बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष ध्यान दे रही है। सार्थक पीडीएस योजना का उद्देश्य केवल राशन बांटना नहीं बल्कि गरीबों को सम्मान और सुरक्षा प्रदान करना भी है। जब किसी जरूरतमंद परिवार को बिना परेशानी समय पर राशन मिलता है तो उसका भरोसा शासन व्यवस्था पर मजबूत होता है। तकनीक आधारित यह नई व्यवस्था आने वाले समय में गरीब कल्याण योजनाओं के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकती है। सरकार का यह कदम देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है जहां पारदर्शिता जवाबदेही और आधुनिक तकनीक मिलकर करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेंगी।

( लेखक प्रसिद्ध लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
हर्षवर्धन पान्डे




# हिन्दी पत्रकारिता कल, आज और कल

भारतवर्ष में पत्रकारिता का अनुभव सदियों पूर्व किया जाता रहा है। किसी न किसी रूप में सनातन काल से कलम साधना की परम्परा सर्वश्रेष्ठ रही है। आज हम जो कुछ भी पढ़ते हैं, लिखते हैं, सुनते हैं, सबकुछ कलम साधना का ही प्रतिफल है। कलम न होती तो शायद संसार में ज्ञान का अस्तित्व ही न होता। 30 मई 1826 को कलकत्ता से हिन्दी का पहला समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन हुआ था। भारत में जब आधुनिक पत्रकारिता प्रारंभ हुई, तब हमारे पूर्वजों ने इसके लिए दैवीय अधिष्ठान की खोज प्रारंभ कर दी। उनकी वह तलाश तीनों लोक में भ्रमण करने वाले और कल्याणकारी समाचारों का संचार करने वाले देवर्षि नारद पर जाकर पूरी हुई। 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के लिए संपादक पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने देवर्षि नारद जयंती 30 मई, 1826 की तिथि का ही चयन किया। देवर्षि नारद इस पत्रकारिता जगत के आदि पुरुष माने गए हैं। हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा लगभग 200 वर्ष पुरानी है। 30 मई 1826 को कलकत्ता से प्रकाशित उदन्त मार्तण्ड को हिन्दी पत्रकारिता का प्रथम प्रकाशन माना जाता है। 'उदन्त मार्तण्ड' का शाब्दिक अर्थ है 'उगता हुआ सूर्य'। यह एक साप्ताहिक समाचार पत्र था जो प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित होता था। 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस, हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली परंपरा को सहेजने का अवसर है। इस तरह चलते-चलते 30 मई 1826 को हिन्दी पत्रकारिता का उदय हुआ। पं. युगल किशोर शुक्ल इस समाचार पत्र के सम्पादक थे, जो सम्भवतः हिन्दी पत्रकारिता के पहले सम्पादक थे। हालांकि आर्थिक कठिनाइयों के चलते 11 दिसम्बर 1827 को यह समाचार पत्र बंद हो गया था, लेकिन हिन्दी पत्रकारिता ने इस दौर से धीरे-धीरे जो तेजी पकड़ी, वह अब तक अनवरत जारी है। हिंदी पत्रकारिता ने लोगों को जागरूक करने, समाज को सही दिशा देने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज़ादी की लड़ाई में हिंदी समाचार पत्रों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने और देशभक्ति की भावना जगाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1920 से 1947 तक गांधी युग के समय में समाचार पत्रों की बाढ़ सी आ गयी। महात्मा गांधी ने कहा था कि पत्रकारिता का पहले उद्देश्य जनता की इच्छाओं और विचारों को समझना, उनमें वांछनीय उद्देश्यों को जागृत करना और सार्वजनिक दोषों को निर्भीकतापूर्वक प्रकट करना है अर्थात समाज को बदलना ही पत्रकारिता का मुख्य दायित्व है। इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए पत्रकारिता अपने दायित्वबोध से भावी पीढ़ी के लिए आदर्श स्थापित कर पाएगी। अंग्रेजों की दासता में बर्बादी और अपमान झेलते भारत की दुर्दशा के कारणों की पहचान भारतेंदु काल से ही शुरू हो गई थी, इसे राजनीतिक और सांस्कृतिक सरोकारों से लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गहराई से जोड़ दिया। हिंदी साहित्य से जुड़े व्यक्तियों का हिंदी पत्रकारिता के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसे तत्कालीन अख़बारों ने शिद्दत से निभाया। उस समय पत्रकारिता एक 'मिशन' थी लेकिन समय के साथ- साथ मिशन 'प्रोफेशन' में तब्दील हो गया। जैसे-जैसे सामाजिक व राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन आता गया, पत्रकारिता भी उससे प्रभावित होती गई। अखबार अब सिर्फ खबरों को जानने का साधन नहीं रहे बल्कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कारण खबरें बनाने भी लगे, क्योंकि चौबीस घंटे चैनलों पर ब्रेकिंग न्यूज चलाए जाने लगे। व्यवसायिकता और टी.आर.पी. की अंधी दौड़ ने पत्रकारिता के मूल्यों को बदल कर रख दिया। 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार भारत में डिजिटल मीडिया बाजार तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें क्षेत्रीय भाषा कंटेंट खासकर हिन्दी का बड़ा योगदान है। इधर हिन्दी ने अंग्रेजी मीडिया के दबदबे को काफी हद तक चुनौती दी है क्योंकि इस दौर में हिंदी बाज़ार की भाषा बन चुकी है। मूर्धन्य संपादक शिवपूजन सहाय ने एक बार कहा था कि भारत की साधारण जनता तक पहुंचने के लिए दैनिक पत्र ही सर्वोत्तम साधन है। देश-देशांतर के समाचारों के साथ भाषा और साहित्य का संदेश भी दैनिक पत्रों द्वारा आसानी से जनता तक पहुंचा सकते हैं और पहुंचाते आए हैं। आज मीडिया कन्वर्जेंस के इस दौर में भले ही प्रसार से लेकर विज्ञापन और राजस्व सरीखी तमाम चुनौतियां खड़ी हैं, लेकिन एक बात साफ़ है कि समाचार पत्रों के प्रति जनता का भरोसा और विश्वसनीयता बरकरार है। तमाम चुनौतियों के बाद भी हिंदी पत्रकारिता निरंतर आगे बढ़ रही है। 200 वर्ष की हिंदी पत्रकारिता की यात्रा हमें सिखाती है कि सत्य, निष्पक्षता और उत्तरदायित्व ही इसके मूल स्तंभ हैं। भविष्य में तकनीक, जनसरोकार और जवाबदेही की राह पर चलकर ही हिन्दी पत्रकारिता टिकेगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

## दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित
प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

अंतर्मन




आज की पाती

### ऊर्जा क्रांति की नई पारदर्शी तकनीक

शुरुआत दुनिया तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और इसी दिशा में सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसी अल्ट्रा-थिन सोलर सेल विकसित की है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादन की पूरी तस्वीर बदल सकती है। यह तकनीक इतनी पतली है कि इनसान के बाल के 10,000वें हिस्से जितनी मोटाई में भी बिजली पैदा कर सकती है। खास बात यह है कि यह सोलर सेल पारदर्शी और रंगहीन है, इसलिए इसे खिड़कियों, कारों की विंडशील्ड, मोबाइल स्क्रीन, स्मार्ट ग्लास और ऊंची इमारतों के कांच पर आसानी से लगाया जा सकता है। अब तक सोलर ऊर्जा का मतलब बड़े और भारी पैनल माने जाते थे, जिन्हें छतों पर लगाने के लिए पर्याप्त जगह चाहिए होती है। नई तकनीक 'बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक' अवधारणा को नई गति दे सकती है। -**समीर कुमार**, गुरुग्राम

ट्रेंड

### स्मृति पुस्तक

ऑपरेशन सिंदूर पर जारी स्मृति पुस्तक ऐतिहासिक विवरण से कहीं आगे बढ़कर हमारे वीर सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों को समेटे हुए है और आधुनिक युद्ध के मानवीय पहलू की झलक प्रस्तुत करती है।
- **राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री



### बसों में मुफ्त यात्रा

21 जून को नीट परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की सहायता के लिए, दिल्ली सरकार वैध एडमिट कार्ड दिखाने पर सभी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी। किसी भी छात्र को ऐसे दिन असुविधा नहीं होनी चाहिए, जो उनके भविष्य के लिए इतना महत्वपूर्ण है।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली



### संस्कृति पर गर्व

मैं एक स्वयंसेवक और भाजपा कार्यकर्ता हूँ, इसीलिए मुझे असम में यूसीसी लागू करने का साहस मिला है। इसी विचारधारा ने हमें अपनी 5000 वर्षों की गौरवशाली सभ्यता और संस्कृति पर गर्व करना सिखाया है।
- **हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम



### बेईमानी की चाशनी


भाजपा शासन में, सुबह पुल गिरने की खबर आती है, दोपहर तक रेलवे स्टेशन का शेड गिरने की खबर फैल जाती है, और शाम तक गंगा एक्सप्रेसवे में दरारें सुर्खियों में छा जाती हैं। भाजपा के भ्रष्टाचार की कड़वी जलेबी, बेईमानी की चाशनी में डूबी हुई, अब सहन नहीं की जा सकती।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा



करंट अफेयर

## अभिनेत्री मर्लिन मुनरो के अंतिम घर पर फिर बहस

हॉलीवुड अभिनेत्री मर्लिन मुनरो की महज 36 वर्ष की आयु में हुई असमय मृत्यु लंबे समय से रहस्य और चर्चा का विषय बनी हुई है। उनकी मौत को लेकर अनेक तरह की कथाएं और अटकलें दशकों से चर्चा में रही हैं। मुनरो अपने अंतिम घर में केवल छह महीने रहीं, लेकिन जिस घर में उनकी मृत्यु हुई, वह अब प्रशंसकों के लिए लगभग तीर्थस्थल जैसा बन गया है। यह स्थिति वैसी ही है जैसी लॉस एंजिलिस स्थित उनके स्मारक वेस्टवुड विलेज मेमोरियल पार्क की है। इस आकर्षण घर का व्यावहारिक असर भी देखने को मिला है। इस वर्ष घर के मौजूदा मालिकों ने 'सिटी ऑफ लॉस एंजिलिस' के खिलाफ मुकदमा दायर किया। उनका आरोप है कि 2024 में इस संपत्ति को 'ऐतिहासिक–सांस्कृतिक स्मारक' घोषित किए जाने से वे मकान को गिराकर वहां पुनर्विकास नहीं कर पा रहे हैं। शहर प्रशासन का कहना है कि संपत्ति के मालिकों को पहले से जानकारी थी कि यह घर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है और भविष्य में इसे विरासत स्थल का दर्जा मिल सकता है। प्रशासन के अनुसार, मुनरो की पहचान हमेशा इस घर से जुड़ी रहेगी। लेखक ने अपने हालिया शोध में यह समझने का प्रयास किया कि 'फिफ्थ हेलेना' नामक यह घर मुनरो के लिए उनके जीवनकाल में क्या मायने रखता था।



ऑफ बीट

## क्या डायनासोर के कारण इंसानों की उम्र हुई कम

सभी इंसानों की उम्र बढ़ती है। यह हमारे जीव विज्ञान का हिस्सा है और हमारे जीवनकाल को 120 वर्ष से थोड़ा अधिक तक सीमित करता है। सभी जानवर अपने जीवन के दौरान उम्र बढ़ने का अनुभव नहीं करते हैं। कुछ जानवरों का शरीर हमारे शरीर की तरह उम्र बढ़ने के साथ–साथ धीरे–धीरे ख़राब नहीं होता है। लेकिन मनुष्य जब 30 वर्ष की आयु तक पहुँचते हैं तो उनके मरने की संभावना लगभग हर आठ साल में दोगुनी हो जाती है। इसलिए भले ही आप शतायु होने के लिए पर्याप्त भाग्यशाली हों, हर साल आपके मरने की संभावना अधिक होगी। यह उच्च मृत्यु दर कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दर्शाती है, जैसे मांसपेशियों की हानि और सामान्य कमजोरी, संज्ञानात्मक गिरावट, दृष्टि और श्रवण की हानि और कई अन्य अपक्षयी परिवर्तन जो मानव उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को दर्शाते हैं। और मनुष्य की उम्र इतनी अधिक होने का कारण यह तथ्य हो सकता है कि हमारे पूर्वज डायनासोर के समय में विकसित हुए थे। अन्य स्तनधारियों की तुलना में मनुष्य का जीवन लंबा होता है। सभी भूमि–आधारित स्तनधारियों की तुलना में हमारा जीवनकाल सबसे लंबा है, और सभी स्तनधारियों में से केवल व्हेल ही संभवतः हमसे अधिक जीवित रहती हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बेहतरीन फार्म में स्वियातेक और मार्ता, चौथे दौर में पहुंचीं



## फ्रेंच ओपन : इगा ने हमवतन मैग्डा लिनेट को 6-4, 6-4 से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| पेरिस

चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक और यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक ने शुक्रवार को फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई। पांच ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक ने हमवतन पोलिश खिलाड़ी मैग्डा लिनेट को 6-4, 6-4 से शिकस्त दी जबकि मार्ता ने विक्टोरिया गोलुबिच को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरी बार चौथे दौर में प्रवेश किया। मार्ता का सामना अब अगले दौर में स्वियातेक से होगा।



### वांग शियू की चौथे दौर में एंट्री

चौथे दौर में पहुंचने वाली एक और खिलाड़ी चीन की वांग शियू हैं, जिन्होंने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुब्त्सेवा को 6-3, 7-5 से हराया। चीन की इस क्वालीफायर ने अब तक अपने अभियान में एक भी सेट नहीं गंवाया है। पुरुष वर्ग में शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर के बाहर होने के एक दिन बाद तीन बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच का सामना ब्राजील के युवा खिलाड़ी जोआओ फोंसेका से होगा।

### क्ले कोर्ट पर मार्ता की लगातार 15वीं जीत

15वीं रैंकिंग पर काबिज मार्ता इस समय बेहतरीन फॉर्म में है और उन्होंने क्ले कोर्ट पर अपनी जीत का सिलसिला लगातार 15 मैचों तक पहुंचा दिया है। रोलां गैरों से पहले उन्होंने मैड्रिड में अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता था। इससे पहले उन्होंने फ्रांस के रुएन में भी क्ले कोर्ट पर एक और खिताब अपने नाम किया था। वह 2021 में भी पेरिस में चौथे दौर तक पहुंची थीं, जहां उन्हें स्वियातेक के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

## 31 मई को गुजरात और रॉयल चैलेंजर्स के बीच होगा महा मुकाबला

# सूर्यवंशी की पारी पर भारी गिल का शतक राजस्थान को हराकर गुजरात फाइनल में

भाषा ▶▶| मुल्लांपुर

शुभमन गिल के शानदार शतक ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स और वैभव सूर्यवंशी के शानदार सफर का अंत कर दिया और सात विकेट से जीत दर्ज करके गुजरात टाइटंस ने तीसरी बार फाइनल में जगह बना ली जहां सामना मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से होगा। इस सत्र में नित नया इतिहास रचने वाले वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर 47 गेंद में 96 रन की पारी खेली और आखिरी ओवर में डोनोवन फरेरा ने राशिद खान को चार छक्के जड़कर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट पर 214 रन तक पहुंचाया। जवाब में गिल और साइ सुदर्शन ने पहले विकेट के लिये 77 गेंद में 167 रन की साझेदारी करके मैच को रॉयल्स की जद से बाहर कर दिया और गुजरात ने आठ गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। गिल ने 53 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 104 रन बनाये जबकि सुदर्शन ने 32 गेंद में 58 रन बनाये जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल था। सुदर्शन एक बार फिर अजीब ढंग से हिट विकेट होकर लौटे। गुजरात का सामना रविवार को अहमदाबाद में आरसीबी से होगा जिसने उसे धर्मशाला में हराया था। पहली बार 2022 में आईपीएल खेलकर खिताब जीतने वाली गुजरात का यह तीसरा फाइनल है। राजस्थान के लिये अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को पावरप्ले में विकेट नहीं मिली और बाकी गेंदबाजों ने निराश किया। गिल और सुदर्शन ने खालिस क्रिकेट शॉट खेलते हुए भी तेजी से रन बनाये। विश्व कप टीम से बाहर रहे गिल ने अपनी इस पारी के दम पर भारत की टी20 टीम में वापसी का दावा पुख्ता कर दिया है।

- रॉयल्स को सात विकेट से हराया
- गिल और साई के बीच पहले विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी हुई



### रॉयल्स-214/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का प्रसिद्ध बो सिराज | 1 |
| वैभव का प्रसिद्ध बो रबाडा | 96 |
| ध्रुव जुरेल का गिल बो रबाडा | 7 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 45 |
| रियान का रबाडा बो होल्डर | 11 |
| दासुन का बटलर बो होल्डर | 3 |
| आर्चर का बटलर बो प्रसिद्ध | 7 |
| डोनोवन फरेरा नाबाद | 38 |

अतिरिक्त : छह रन
योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 214 रन
विकेट पतन : 1-2, 2-9, 3-101, 4-109, 5-118, 6-172
गेंदबाजी : सिराज 4-0-42-1, रबाडा 4-0-35-2, प्रसिद्ध 4-0-42-1, सुंदर 2-0-23-0, होल्डर 4-0-27-2, राशिद 2-0-45-0

### गुजरात-219/3 (18.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सुदर्शन हिट विकेट बो बृजेश | 58 |
| शुभमन पगबाधा बो आर्चर | 104 |
| जोस बटलर नाबाद | 9 |
| वॉशिंगटन का फरेरा बो बर्गर | 16 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 17 |

अतिरिक्त : 15 रन
योग : 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 219 रन
विकेट पतन : 1-167 , 2-182 , 3-201
गेंदबाजी: आर्चर 4-0-45-1, बर्गर 4-0-35-1, बृजेश 3.4-0-44-1, तुषार 3-0-34-0, पुंजा 2-0-29-0

## खबर संक्षेप



### शीर्ष-10 में चिनप्पा समेत चार भारतीय

**अल जदीदा।** भारतीय गोल्फर त्रिशूल चिनप्पा ने आखिरी छह होल में पांच बर्डी लगाकर शानदार वापसी करते हुए एएम ग्रीन आईजीपीएल मोरक्को राइजिंग स्टार्स 2026 प्रतियोगिता के पहले दौर के बाद शीर्ष-10 में जगह बना ली। चिनप्पा 1.60 लाख डॉलर इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं। उनके साथ तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी सुधीर शर्मा, राघव चुघ और सैयद साकिब अहमद भी इसी स्थान पर मौजूद हैं। ये सभी हांगकांग के होहो यू से तीन शॉट पीछे हैं, जिन्होंने छह अंडर 66 का शानदार स्कोर बनाकर बढ़त हासिल की।

### प्रैक्टिस से ब्रेक लेना पसंद नहीं : सूर्यवंशी

**मुल्लांपुर।** वैभव सूर्यवंशी ने नेट्स में शायद लाखों गेंदें खेली होंगी लेकिन फिर भी उन्हें एक दिन का ब्रेक लेना भी पसंद नहीं है क्योंकि अगर वह एक दिन भी अभ्यास नहीं करते तो उन्हें जिंदगी धीमी लगने लगती है।



सूर्यवंशी ने बताया, ' यह सब मेरे पिता की वजह से है। बचपन से ही उन्होंने मुझसे इतना ज्यादा अभ्यास करवाया है कि अगर मैं एक दिन भी अभ्यास नहीं करूं तो ऐसा लगता है जैसे मेरी जिंदगी थोड़ी धीमी पड़ गई हो।

# सेमीफाइनल में सात्विक और चिराग, सिंधू का सफर समाप्त

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू विश्व नंबर एक एन से यंग के सामने लगातार दबाव बनाए रखने के लिए जरूरी निरंतरता नहीं दिखा सकीं और सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हारकर उनका अभियान समाप्त हो गया लेकिन पुरुष युगल की दिग्गज जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कड़े मुकाबले में जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बना ली। कोरिया की खिलाड़ी एन से यंग ने इस मुकाबले को 21-17, 21-14 से जीतकर सिंधू पर अपना दबदबा कायम रखा।



**सात्विक-चिराग ने कांग-आरोन को हराया:** सात्विक और चिराग ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मलेशिया के खाई शिंग कांग और आरोन ताई को एक घंटे पांच मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-13 से हराया। भारतीय जोड़ी का मुकाबला शीर्ष अब वरीयता प्राप्त कोरिया के किम वॉन हो और सियो सेउंग जे से होगा, जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जापान की जोड़ी को 21-19, 21-18 से हराया।

### सिंधू ने दिखाई आक्रामक खेल की झलक

सिंधू ने बीच-बीच में अपने आक्रामक खेल की झलक दिखाई और कुछ चरणों में कोरियाई खिलाड़ी पर दबाव बनाने में सफल रहीं, लेकिन निर्णायक क्षणों में एन से यंग का बेहतर नियंत्रण, बेहतरीन मूवमेंट और महत्वपूर्ण अंकों को भुनाने की क्षमता हावी रही। इस हार के साथ सिंधू का मौजूदा ओलंपिक चैंपियन के खिलाफ लगातार हार का सिलसिला 9 मैचों तक पहुंच गया है। इन मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ी केवल एक बार ही गेम जीत सकी हैं, जो 2023 बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में संभव हुआ था।

# महिला टी-20 सीरीज : भारत ने इंग्लैंड को 38 रन से हराया, बनाई 1-0 की बढ़त

**चेम्सफोर्ड।** जेमिमा रोड्रिग्स (69) और यास्तिका भाटिया (54) के शानदार अर्धशतकों के बाद पदार्पण कर रही तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा (34 रन पर 3 विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने इंग्लैंड को 38 रन से हराकर 3 मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 7 विकेट पर 188 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने के बाद फिर इंग्लैंड को 8 विकेट पर 150 रन पर रोक दिया। 12 जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की अंतिम श्रृंखला है। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर भारतीय टीम की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही। कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना पहली ही गेंद पर खाता खोले बिना आउट हो गई, जबकि उनकी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा भी महज दो रन बनाकर पवेलियन लौटी। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने शुरुआती झटके देकर भारत को दबाव में ला दिया। रोड्रिग्स और यास्तिका ने इसके बाद शानदार पलटवार किया। जेमिमा की 40 गेंदों में 69 रन की तेजतर्रार पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा।

### नंदिनी ने इंटरनेशनल डेब्यू में मचाया गदर रोड्रिग्स और यास्तिका ने जड़े अर्धशतक



### नाइट ने बनाया सर्वाधिक 310 मैच खेलने का रिकॉर्ड


लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम शुरुआती झटकों से उबर नहीं सकी। सोफिया डंकली (16) और एलिस कैप्सी (छह) पहले 4 ओवरों के भीतर आउट हो गईं। एमी जोन्स ने 48 गेंदों में 67 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया और हीदर नाइट (21) के साथ 64 रन की साझेदारी निभाई। नाइट ने इस मुकाबले से इंग्लैंड महिला टीम के लिए सभी प्रारुपों में सर्वाधिक 310 मैच खेलने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

# फीफा वर्ल्ड कप : अर्जेंटीना टीम का ऐलान, इंजरी के बाद भी मेसी को मौका

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने लगातार बढ़ती चोटों की चिंताओं के बीच स्पष्ट किया है कि कप्तान लियोनेल मेसी सहित ज्यादातर मौजूदा विश्व चैंपियन खिलाड़ी 2026 फीफा विश्व कप के लिए टीम का हिस्सा होंगे।

अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार विश्व खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगा। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने 26 सदस्यीय विश्व कप टीम की घोषणा की, जिसमें 39 वर्ष के होने जा रहे लियोनेल मेसी सबसे बड़े आकर्षण हैं। इस टीम में 17 ऐसे खिलाड़ी है, जिन्होंने चार वर्ष पहले कतर में फ्रांस को हराकर अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाया था। टीम घोषित होने से पहले कई खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ था। खुद मेसी भी चोट से जूझ रहे हैं। इसी कारण वह पिछले रविवार इंटर मियामी के मैच को पूरा नहीं खेल सके थे।



### मेसी के करियर का छठा विश्व कप

मेसी अपने करियर का छठा विश्व कप खेलने जा रहे हैं। इससे पहले वह 2006 में जर्मनी, 2010 में दक्षिण अफ्रीका, 2014 में ब्राजील, 2018 में रूस और 2022 में कतर विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं। टीम के प्रमुख गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को भी मौका दिया गया है। पिछले सप्ताह यूरोपा लीग फाइनल के दौरान उनकी दाहिने हाथ की अनामिका में फ्रैक्चर हो गया था। कोच स्कालोनी ने चोटिल डिफेंडर क्रिस्टियन रोमेरो को भी टीम में रखा है। इसके अलावा नाहुएल मोलिना और गोंजालो मोंटियल भी चोट से उबर रहे हैं।

### आईपीएल में स्मार्ट चश्मों पर बैन बीसीसीआई और एसीएसयू ने जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीएसयू) ने इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के स्मार्ट चश्मों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। बोर्ड ने इन चश्मों में मौजूद उन्नत संचार सुविधाओं को सुरक्षा और भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के लिए खतरा बताया है। बीसीसीआई एसीएसयू ने सभी फ्रेंचाइजी को जारी एक परामर्श में कहा कि कुछ कंपनियां खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को स्मार्ट चश्मे बेच रही हैं। बीसीसीआई ने कहा, इन उपकरणों में लाइव स्ट्रीमिंग, टेक्स्ट संदेश भेजने और प्राप्त करने के साथ-साथ मोबाइल डेटा या वाई-फाई के जरिए ऑडियो और वीडियो कॉलिंग जैसी उन्नत संचार सुविधाएं उपलब्ध हैं। पीएमओए क्षेत्रों में संचार उपकरणों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं बीसीसीआई ने कहा, पीएमओए (खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों का क्षेत्र) के न्यूनतम मानकों के तहत ऐसे स्मार्ट चश्मों को 'ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग उपकरण' और 'संचार उपकरण' दोनों श्रेणियों में रखा गया है। इसी कारण पीएमओए क्षेत्र में इन्हें रखने या इस्तेमाल करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

## नॉर्वे चेस

# गुकेश पहुंचे अंतिम पायदान पर लगातार जीत के बाद हारीं दिव्या



एजेंसी ▶▶| ओस्लो

विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार वापसी करते हुए मौजूदा क्लासिकल विश्व चैंपियन डी. गुकेश को करारी शिकस्त दी, जिससे युवा भारतीय खिलाड़ी अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर पहुंच गया जबकि प्रज्ञानानंदा ने विंसेंट कीमर को आर्मगेडन टाईब्रेक में हराकर दूसरा स्थान बरकरार रखा। वहीं महिला वर्ग में दिव्या देशमुख को भी हार का सामना करना पड़ा।

7 बार के नॉर्वे शतरंज चैंपियन कार्लसन ने टूर्नामेंट की धीमी शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की। इस जीत से उन्हें पूरे 3 अंक मिले और वह अंतिम स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गए। दूसरी ओर, निराश गुकेश मुकाबले के बाद मुख्य द्वार से बचते हुए पीछे के दरवाजे से बाहर निकल गए, जबकि बाहर बड़ी संख्या में युवा प्रशंसक उनके ऑटोग्राफ का इंतजार कर रहे थे।

### लगातार 3 जीत के बाद हारी दिव्या



महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख को लगातार 3 आर्मगेडन जीत के बाद पहली बार हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन अन्ना मुजिचुक ने उन्हें टाईब्रेक में मात दी। इस हार के बाद विश्व कप विजेता दिव्या 5.5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर खिसक गईं। कोनेरु हम्पी का संघर्ष जारी है। उन्हें झू जिनेर के खिलाफ एक और आर्मगेडन हार झेलनी पड़ी और वह छह खिलाड़ियों के समूह में अंतिम स्थान पर बनी हुई हैं। महिला वर्ग में बिबिसारा असाउबायेवा सात अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके पीछे मुजिचुक, दिव्या और झू जिनेर 5.5-5.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। मौजूदा महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन के चार अंक हैं, जबकि हम्पी तीन अंकों के साथ सबसे नीचे हैं।

### फिरोजा को झेलनी पड़ी पहली हार

फिरोजा को हालांकि अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ टूर्नामेंट की पहली हार झेलनी पड़ी। वेस्ली ने क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद आर्मगेडन में उन्हें पराजित किया। इसके बावजूद फिरोजा ने एक अंक हासिल कर 8.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए है। प्रज्ञानानंदा छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली सो 5.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज हैं, जबकि कार्लसन 4.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए। कीमर के खाते में चार अंक हैं।

## अंडर-20 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

# चीन में छाई म्हारी पूजा, इंडिया रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

- 28 से 31 मई तक हांगकांग में चल रही प्रतियोगिता
- भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की ओर से 51 खिलाड़ियों का दल ने भाग लिया
- हरियाणा के तीन खिलाड़ी पूजा, निश्चय व मुस्कान ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा की युवा एथलीट पूजा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। हांगकांग (चीन) में आयोजित अंडर-20 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पूजा ने हाई जंप स्पर्धा में नया भारतीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे हरियाणा और देश में खुशी का माहौल है। खेल विभाग के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 28 से 31 मई तक हांगकांग (चीन) में आयोजित एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की ओर से पुरुष और महिला वर्ग सहित 51 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है। इस भारतीय टीम में हरियाणा के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। इनमें पूजा हाई जंप, निश्चय (रोहतक) शॉट पुट और मुस्कान 5 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



### 1.93 मीटर की ऊंची छलांग लगाई

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने बताया कि पूजा ने हाई जंप इवेंट में 1.93 मीटर की ऊंची छलांग लगाकर नया भारतीय रिकॉर्ड कायम किया। शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया और चीन की धरती पर तिरंगा फहराकर भारत का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में उनकी तकनीक, आत्मविश्वास और संतुलन की खूब सराहना की गई।

### खेल जगत में उत्साह का माहौल

*पूजा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खेल जगत में उत्साह का माहौल है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य राजकुमार मिटान, एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमान सिंह भादू समेत अन्य पदाधिकारियों ने पूजा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। खेल प्रेमियों का कहना है कि पूजा हरियाणा की यह सफलता राज्य के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय एथलेटिक्स को नई पहचान दिलाएगी।*




## ट्विशा केस : सास और पति 5 दिन के रिमांड पर

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** राजधानी भोपाल के हाईप्रोफाइल ट्विशा शर्मा मौत मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बड़ी कामयाबी मिली है। दहेज हत्या और प्रताड़ना के आरोपी सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह और उनके अधिवक्ता बेटे (ट्विशा के पति) समर्थ सिंह को कोर्ट ने 2 जून तक के लिए 5 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। शुक्रवार, 29 मई 2026 को समर्थ की एक हफ्ते की रिमांड खत्म होने पर, मेडिकल परीक्षण के बाद दोनों आरोपियों को भोपाल जिला अदालत में महिला अपराध मामलों की न्यायाधीश शोभना भलावी के समक्ष पेश किया गया था। सीबीआई अब दोनों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर कड़ी पूछताछ करेगी। जांच एजेंसी ट्विशा की मौत से पहले के आखिरी घंटों की गतिविधियों को समझने के लिए हाईटेक तकनीक का सहारा ले रही है।



सीबीआई दोनों को आमने-सामने बैठाकर करेगी पूछताछ

## खरगे व सिद्धारमैया ने बेटे के लिए मांगा डिप्टी सीएम पद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद सिद्धारमैया ने कांग्रेस आलाकमान के सामने अपने बेटे और एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया को उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग रखी है। वहीं सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी बेटे और वर्तमान मंत्री प्रियांक खरगे के लिए उपमुख्यमंत्री का पद मांगा है। इन समीकरणों के बीच माना जा रहा है कि कांग्रेस कर्नाटक में अलग-अलग समुदायों और गुटों को साधने के लिए 4 डिप्टी सीएम का फॉर्मूला अपना सकती है, जिसमें खरगे और सिद्धारमैया, दोनों के बेटों को भी जगह मिल सकती है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद कांग्रेस नेता सिद्धरमैया ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की।



राहुल और खरगे से मिले सिद्धारमैया, शिवकुमार सीएम होंगे, शपथ अगले हफ्ते संभव

## नोएडा हाउसिंग घोटाला
## सीबीआई ने शुभकामना के निदेशकों पर चार्जशीट दी

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** देशभर में होमबायर्स से कथित धोखाधड़ी और फंड डायवर्जन मामलों की जांच कर रही सीबीआई ने ग्रेटर नोएडा स्थित हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े मामले में शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटिड और उसके निदेशकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। जांच में सामने आया है कि बिल्डर कंपनी और उसके निदेशकों ने कथित आपराधिक साजिश के तहत मासूम होमबायर्स और निवेशकों को झूठे वादों, भ्रामक दावों और आकर्षक आश्वासनों के जरिए निवेश के लिए प्रेरित किया। आरोपियों ने परियोजना को समय पर पूरा करने, बेहतर सुविधाएं देने और सुरक्षित निवेश का भरोसा देकर लोगों से भारी रकम वसूली, जिसमें खरीदारों को आर्थिक नुकसान हुआ। आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात की धाराएं: सीबीआई ने आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात से संबंधित धाराएं शामिल हैं।

**अशुभ साबित हुआ होमबायर्स से धोखाधड़ी**

## रिलायंस कम्युनिकेशंस समेत 16 आरोपियों के खिलाफ सीबीआई की पहली चार्जशीट दाखिल

**2 हजार 50 करोड़ रुपये के फंड के दुरुपयोग का आरोप**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने अनिल अंबानी समूह की कंपनियों से जुड़े कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। विशेष सीबीआई अदालत, मुंबई में दाखिल चार्जशीट में रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, कंपनी के पांच वरिष्ठ अधिकारियों तथा तीन बैंकों के 10 अधिकारियों समेत कुल 16 लोगों को आरोपी बनाया है। आरोपियों पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक गबन के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक कदाचार के आरोप लगाए गए हैं। यह चार्जशीट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मंजूर 1200 करोड़ रुपये के टर्म लोन, बैंक ऑफ महाराष्ट्र की 500 करोड़ रुपये की लेटर ऑफ क्रेडिट सुविधा तथा तत्कालीन सिंडिकेट बैंक की 350 करोड़ रुपये की एलओसी सुविधा के कथित दुरुपयोग से संबंधित है सीबीआई का आरोप है कि इन सार्वजनिक धनराशियों को निर्धारित उद्देश्य के बजाय कथित रूप से डायवर्ट और मिसएप्रोप्रियेट किया गया।

### स्टेट बैंक की शिकायत पर दर्ज हुआ था मामला

सीबीआई ने यह मामला स्टेट बैंक की शिकायत पर दर्ज किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और अनिल डी. अंबानी ने बैंक को 2929.05 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया। एफआईआर के अनुसार, स्टेट बैंक के नेतृत्व वाले 11 बैंकों के कंसोर्टियम ने रिलायंस कम्युनिकेशंस को रुपये टर्म लोन दिए थे। मामले में 17 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल एक्सपोजर 19,694.33 करोड़ रुपये बताया गया है।

### रिलायंस समूह की कंपनियों के खिलाफ 7 एफआईआर

सीबीआई ने रिलायंस समूह की कंपनियों से जुड़े कुल चार कंपनी के खिलाफ सात मामले दर्ज किए हैं, जिनकी जांच जारी है। अनिल अंबानी समूह की कंपनियों द्वारा कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े इन मामलों की निगरानी सुप्रीम कोर्ट कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### बेजोस की कंपनी का रॉकेट लॉन्चपैड पर फटा

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी अरबपति जेफ बेजोस की स्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन का न्यू ग्लेन रॉकेट फ्लोरिडा में टेस्टिंग के दौरान लॉन्चपैड पर फट गया। हादसा गुरुवार को केप कैनावेरल में प्री-फ्लाइट स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान हुआ। घटना का वीडियो लाइव स्ट्रीम में रिकॉर्ड हुआ, जिसमें रॉकेट तेज धमाके के साथ आग के बड़े गोले में बदलता दिखाई दिया। ब्लू ओरिजिन ने कहा कि टेस्ट के दौरान तकनीकी गड़बड़ी हुई। कंपनी के मुताबिक, हादसे में कोई घायल नहीं हुआ और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। हम और आगे मेहनत करते रहेंगे।

### ब्रिटेन में शरण मांगने वालों की उम्र जांचेगा एआई

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार अगले साल से शरण मांगने वालों की उम्र जांचने के लिए एआई फेशियल रिकग्निशन तकनीक का ट्रायल शुरू करेगी। इस तकनीक के जरिए चेहरे की तस्वीरों का विश्लेषण कर यह पता लगाया जाएगा कि व्यक्ति बालिग है या नाबालिग। ब्रिटेन के होम ऑफिस की इस योजना के तहत तकनीक को पहले टेस्ट और डेवलप किया जाएगा, जिसके बाद 2027 तक इसे लागू करने का लक्ष्य है।

### यूएस स्पेलिंग बी के चैंपियन बने श्रेय पारिख

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के 14 वर्षीय भारतीय मूल के छात्र श्रेय पारिख ने प्रतिष्ठित स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने न्यू जर्सी के ईशान गुप्ता को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता के निर्णायक स्पेल-ऑफ राउंड में श्रेय और ईशान को 90 सेकंड के भीतर अधिक से अधिक शब्दों की सही स्पेलिंग बताने का मौका मिला। श्रेय ने 90 सेकंड में 32 शब्दों की सही स्पेलिंग बताई, जबकि ईशान 25 शब्द ही सही लिख सके।

## केंद्रीय गृह मंत्री ने भुज में सीमा चौकी जी-7 का उद्घाटन किया, कहा
# संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में मजबूत सुरक्षा तंत्र स्थापित कर रही सरकार

**जवानों से की बात, नीम का पौधा भी रोपा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के भुज स्थित भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) जी-7 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में मजबूत सुरक्षा तंत्र स्थापित करने के लिए अनेक तकनीकी और भौगोलिक चुनौतियों को सफलतापूर्वक पार किया गया है। गृह मंत्री दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं, जिसके दौरान वे एक दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ-साथ विभिन्न विकास एवं सुरक्षा संबंधी परियोजनाओं की समीक्षा की। अपने दौरे के दौरान शाह ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से बात की तथा एक नीम का पौधा भी रोपा। उद्घाटन समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी उपस्थित रहे।

*आम नागरिकों को बीएसएफ की जिम्मेदारियों और कार्यों से परिचित कराया जा रहा*



अमित शाह इंडो-पाक सीमा का जायजा लेते हुए

### 175 करोड़ की लागत से जी-7 का निर्माण

गृह मंत्री ने बताया कि जी-7 केंद्र का निर्माण लगभग 175 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है और यह क्षेत्र में सीमा अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की व्यापक योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बनासकांठा में भी एक केंद्र स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को बीएसएफ जवानों की जिम्मेदारियों और कार्यों से परिचित कराना है।

**स्वयं तीन महीने तक निगरानी की:** शाह ने कहा कि इस परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान कई जटिल तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सीमा चौकियों के आसपास के क्षेत्र को लगभग 3.75 मीटर ऊंचा किया गया तथा परियोजना की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने स्वयं लगातार तीन महीने तक प्रतिदिन निगरानी की, ताकि सर्वेक्षण और निर्माण कार्य बाधित न हो। गृह मंत्री शाह ने हरामी नाला क्षेत्र का दौरा किया। यहां उन्होंने क्रीक इलाके में बोटसे विजिट किया और जेट्टी प्वाइंट पर पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



### घुसपैठ पर नकेल के लिए भारत सख्त जस्टिस नावलेकर बोले

देश में घुसपैठ के कारण हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष और पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर ने इसे एक गंभीर और बड़ी चुनौती बताया है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर समिति केंद्र सरकार को और सख्त कानून लागू करने की सिफारिश कर सकती है। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ केवल सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि इसका असर अब शहरी इलाकों, औद्योगिक क्षेत्रों और सामाजिक-आर्थिक रूप से संवेदनशील हिस्सों तक फैल रहा है।

### घुसपैठ से संसाधनों पर बढ़ रहा दबाव

उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के लिए कई योजनाएं चलाती है, लेकिन घुसपैठ के कारण लाभार्थियों की संख्या बढ़ने से वास्तविक जरूरतमंदों का हिस्सा प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल आर्थिक दबाव बढ़ाती है, बल्कि सामाजिक संतुलन को भी प्रभावित करती है।

### ओडिशा में सीमा पर बढ़ाई निगरानी

ओडिशा सरकार ने पश्चिम बंगाल की सीमा से लगे जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने घुसपैठियों को पहचानने और उन्हें बाहर निकालने की नीति अपनाई है। इसके बाद ओडिशा में बांग्लादेशी घुसपैठियों के आने की आशंका बढ़ गई है।

## सीमा सुरक्षा और उग्रवाद पर होगी चर्चा
# आज से 4 दिन के भारत दौरे पर म्यांमार के राष्ट्रपति मिन

***पीएम मोदी के साथ होगी अहम बैठक***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग 30 मई से 2 जून 2026 तक भारत की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने वे दिल्ली, बोधगया तथा मुंबई का दौरा करेंगे। 1 जून को उनकी पीएम नरेंद्र मोदी के साथ अहम बैठक होगी, जिसमें दोनों देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही यह यात्रा राष्ट्रपति मिन की मौजूदा पद पर भारत की पहली यात्रा होगी। उनके साथ कई कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और कारोबारी नेताओं का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा।



मिन आंग ह्लाइंग और पीएम मोदी

### व्यापार और निवेश पर भी रहेगा ध्यान

जायसवाल ने बताया कि दोनों देशों के बीच सीमा सुरक्षा, कनेक्टिविटी, व्यापार और सभ्यतागत रिश्तों से जुड़े सभी मुद्दों पर बातचीत होगी। भारत और म्यांमार करीब 1600 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा और उग्रवाद विरोधी अभियानों में म्यांमार की भूमिका अहम मानी जाती है। भारत और म्यांमार के बीच सड़क, बंदरगाह और व्यापारिक संपर्क बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। भारत की कोशिश है कि म्यांमार के जरिए दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों तक आर्थिक पहुंच और मजबूत हो। दोनों देश अपने पुराने ऐतिहासिक और दोस्ताना रिश्तों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आईआरसीजी ने 24 घंटों में दी 23 जहाजों को मंजूरी
# भारत आ रहे तेल टैंकर ने होर्मुज स्ट्रेट किया पार, 3 मई को पहुंचेगा आंध्रप्रदेश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के लिए पेट्रोलियम लेकर जा रहा एक तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। यह जानकारी समुद्री यातायात पर नजर रखने वाली कई वेबसाइटों से मिली है। 'निसोस केरोस' नाम का यह जहाज विशाखापत्तनम जा रहा है और इसके 3 जून तक वहां पहुंचने की उम्मीद है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला यह जहाज 21 मई को शारजाह से रवाना हुआ था। शुक्रवार सुबह 6 बजे भारतीय समय के अनुसार इसे भारत के पश्चिमी तट के पास उत्तरी अरब सागर में देखा गया। जहाजों की जानकारी रखने वाली संस्था ऑकविसर ने बताया कि विशाखापत्तनम की ओर आ रहे जहाज निसोस केरोस' का मालिक अरेथुसा शिपिंग कॉरपोरेशन है और इसका संचालन किक्लेड्स मैरीटाइम कॉरपोरेशन कर रही है। हुंडई द्वारा निर्मित यह जहाज 333 मीटर लंबा है।



## ब्रिक्स मंच पर भारत की पहल
# एमएसएमई के लिए सदस्य देशों को तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने ब्रिक्स पार्टएनआईआर ट्रैक के तहत 'एमएसएमई के लिए प्रौद्योगिकी तक पहुंच बढ़ाना' विषय पर दूसरी एसएमई कार्य समूह बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस बैठक में ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच एमएसएमई क्षेत्र में नवाचार, प्रौद्योगिकी और कौशल विकास को लेकर व्यापक चर्चा हुई। भारत ने सदस्य देशों को तकनीकी सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई।




### कौशल विकास को मिलेगा बढ़ावा

*बैठक में भारत ने प्रौद्योगिकी तक पहुंच, नवाचार इको-सिस्टम और कौशल विकास के क्षेत्र में ब्रिक्स देशों के बीच गहन सहयोग की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सदस्य देशों ने माना कि प्रौद्योगिकी अंतर को कम करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाना जरूरी है।*

# आईएनएस सुदर्शनी एंटीगुआ पहुंचा



### अटलांटिक महासागर को पार करने का पहला अभियान

***नई दिल्ली।*** *भारतीय नौसेना का नौकायन प्रशिक्षण पोत (एसटीएस) आईएनएस सुदर्शनी लोकायन 26 अभियान के तहत ऐतिहासिक अटलांटिक महासागर पार करने के बाद एंटीगुआ पहुंचा। एंटीगुआ और बारबुडा में भारत के मानद महावाणिज्यदूत विजय तिवारी तथा एंटीगुआ और बारबुडा रक्षा बल (एबीडीएफ) के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ब्रिगेडियर टेल्बर्ट बेंजामिन ने पोत का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह यात्रा आईएनएस सुदर्शनी द्वारा अटलांटिक महासागर को पार करने का पहला अभियान है, जबकि इससे पहले पोत आईएनएस तरंगिनी वर्ष 2007 में यह उपलब्धि हासिल कर चुका है। केप वर्डे के मिंडेलो से एंटीगुआ तक का चरण इस पूरे अभियान का सबसे लंबा और चुनौतीपूर्ण हिस्सा रहा, जो लगातार 19 दिनों तक चला। इस दौरान जहाज मुख्य रूप से पालों की सहायता से संचालित होता रहा, जिसने पारंपरिक नाविक कौशल, अनुशासन और समुद्री सहनशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।*

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले
# 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान मात्र 4 दिनों में पाकिस्तान घुटनों पर

***युद्धविराम मांगने पर इस्लामाबाद को किया मजबूर***

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने महज चार दिनों के भीतर पाकिस्तान को युद्धविराम की अपील करने पर मजबूर कर दिया। रक्षा मंत्री ने इस अभियान को भारत के सैन्य इतिहास की एक अभूतपूर्व सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति, आधुनिक सैन्य क्षमता और तीनों सेनाओं के उत्कृष्ट तालमेल का जीवंत उदाहरण था।

### एक विशेष स्मारक प्रकाशन का विमोचन किया



इस मौके पर राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित एक विशेष स्मारक प्रकाशन का विमोचन किया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### जवानों ने राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित की

राजनाथ सिंह ने कहा कि यह प्रकाशन केवल घटनाओं का दस्तावेज नहीं है, बल्कि उन वीर सैनिकों की भावनाओं, संघर्ष और अनुभवों को भी जीवंत रूप में सामने लाता है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों और रणनीतियों से नहीं जीते जाते, बल्कि उनमें नेतृत्व, साहस, मानसिक दृढ़ता और दबाव में सही निर्णय लेने की क्षमता सबसे बड़ी भूमिका निभाती है। यह पुस्तक इन्हीं पहलुओं को बेहद मानवीय और प्रेरणादायक तरीके से प्रस्तुत करती है।

## पीयूष गोयल ने 50 से अधिक बिजनेस लीडर्स के साथ बैठक की, कहा
# अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर 'उत्साहजनक प्रगति', दोनों देश अंतरिम समझौते के बेहद करीब

**भारत-अमेरिका व्यापार, निवेश नवाचार को देंगे मजबूती**

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में व्यापार जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत के दौरान द्विपक्षीय व्यापार वार्ता पर 'उत्साहजनक जानकारी' देते हुए आश्वासन दिया कि भारत-अमेरिका अंतरिम समझौता जल्द होने वाला है। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित अमेरिकी-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसएफ) में प्रमुख उद्योग एवं व्यापार जगत के 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। गोयल ने गोलमेज बैठक में भारत-अमेरिका के बीच व्यापार, निवेश एवं आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।



अमेरिकी बिजनेस लीडर्स से चर्चा करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

### सप्लाई-चेन पार्टनरशिप को गहरा करेंगे

*पीयूष गोयल ने बताया कि उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, सुधार-आधारित कारोबारी माहौल और वैश्विक निवेशकों के लिए बढ़ते अवसरों को रेखांकित किया।*

### 1 जून को भारत आएगा अमेरिकी दल

*मंत्री गोयल ने जोर दिया कि निवेशकों का विश्वास, कारोबार की स्थिरता और मजबूत नियामकीय माहौल भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका का एक दल एक से चार जून के बीच भारत की यात्रा पर आएगा। इस दौरान अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप दिया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों एवं सीमा शुल्क सुगमता जैसे मुद्दों पर वार्ता आगे बढ़ाई जाएगी।*

### कई उद्योग दिग्गजों से मिले

*गोयल ने उद्योग जगत के कई प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। उन्होंने मॉर्गन स्टैनली के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टेड पिक, वारबर्ग पिंकस के चेयरमैन चिप केय, एमनील फार्मास्यूटिकल्स के सह-संस्थापक एवं सह-सीईओ चिंटू पटेल और मास्टरकार्ड के सीईओ माइकल मीबाख के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार किया।*

### अमेरिका भारत की क्षमता पहचानता है: गोर



भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने शुक्रवार को कहा है कि अमेरिका को भारत की क्षमता को जानता है और दोनों देशों की साझीदारी को और मजबूत बनाना चाहता है। उन्होंने दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, क्रिटिकल मिनरल्स और व्यापार से जुड़े विषयों में समान हितों पर जोर देते हुए भारत को एक भरोसेमंद पार्टनर बताया है। सर्जियो गोर ने कहा कि ट्रंप प्रशासन नए सत्ता केंद्रों की पहचान कर रहा है। भारत के पास जो क्षमता है, हम वह जानते हैं। हम भारत का विकास देख रहे हैं। हम इस साझेदारी को बढ़ा रहे हैं और इस साझीदारी को मजबूत कर रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28